दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 49 जयपुर, रविवार, 28 जनवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


**जरूरी खबर**

### नहीं पढ़ाया जाएगा कि अकबर महान था: दिलावर



**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा- स्कूलों में टीचर्स ने गलत आचरण किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चलाया जाएगा। चाहे मुझे फांसी हो जाए। उन्होंने कहा- स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम की भी समीक्षा की जाएगी। अकबर महान था, ये बच्चों को नहीं पढ़ाया जाएगा। शिक्षा मंत्री शनिवार सुबह 11 बजे कोटा के महावीर नगर स्थित राजकीय बालिका स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

### एक करोड़ के मिल्क पाउडर लूट का पर्दाफाश



**दौसा।** जिले में पिछले दिनों हुई एक करोड़ के मिल्क पाउडर से भरे ट्रक की लूट मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि लूट की इस बड़ी वारदात को अंजाम देने में शामिल अधिकतर आरोपी हरियाणा के मेवात इलाके में स्थित नूंह के रहने वाले है, जो इस तरह की वारदात को अंजाम देने में माहिर हैं। आरोपी इससे पहले भी कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस की गिरफ्त में आए एक आरोपी के खिलाफ राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के विभिन्न थानों में 21 मामले दर्ज हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**महाराष्ट्र विधानसभा में पीठासीन अधिकारी सम्मेलन : राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने दिया संबोधन**

# घटती बैठकों के कारण नहीं हो पाती विस्तृत चर्चा : देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सदन की घटती बैठकों के कारण सदन में सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो पाती है, अतः संविधान की भावना के अनुसार विधायिका के प्रति कार्यपालिका के उत्तरदायी होने के सिद्धांत को लागू करने के लिए हमें सदन की बैठक की संख्या में वृद्धि करने की आवश्यकता है। देवनानी ने यह बात महाराष्ट्र विधानभवन में आयोजित 84 वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दौरान कही। देवनानी ने कहा कि विधानसभा की समितियां महत्वपूर्ण होती है। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होकर रिपोर्ट तैयार होती है। यह रिपोर्ट कार्य प्रणाली को नई दिशा दे सकती है। इसलिए राजस्थान विधानसभा में समितियों की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा कराई जाएगी। - पेज 7 भी देखें



**बढ़े बैठकें... ताकि विधायिका के प्रति कार्यपालिका के उत्तरदायी होने का सिद्धांत हो लागू**

### समितियों की रिपोर्ट पर सदन में कराई जाएगी चर्चा

देवनानी ने कहा कि विधानसभा की समितियों में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद रिपोर्ट तैयार होती है। यह रिपोर्ट कार्य प्रणाली को नई दिशा दे सकती है। इसलिए राजस्थान विधानसभा में समितियों की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा कराई जाएगी। साथ ही, समितियों के कार्यों की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। देवनानी ने इस दौरान महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर सहित सभी प्रदेशों के विधानसभा अध्यक्षों से भी मुलाकात की।

### सचिव सम्मेलन को शर्मा ने किया संबोधित

विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि राजस्थान में कम्प्यूटरीकरण की व्यवस्था 1990 से प्रारम्भ हुई। राजस्थान विधानसभा ऑनलाइन प्रश्न प्रणाली शुरू करने वाली पहली विधानसभा है। ऑनलाइन उत्तर सूचना प्रणाली शुरू करने में भी राजस्थान ने ही पहल की हैं। राजस्थान विधानसभा 80 प्रतिशत पेपरलेस विधानसभा है और इन-हाउस नवीनतम उपकरण भी स्थापित करने जा रहे हैं। राजस्थान विधानसभा में विधायकों को लैपटॉप और प्रिंटर उपलब्ध हैं। असेंबली में आई-पैड भी उपलब्ध कराया गया है।

**पेपरलीक मामलों पर भजनलाल सरकार एक्शन मोड में**

# मुख्य आरोपी बाबूलाल कटारा को राज्यपाल ने किया सस्पेंड



**राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद हुई कार्रवाई**

- अब तक हो चुकी है कटारा सहित करीब 65 आरोपियों की गिरफ्तारी
- मामले में पेपरलीक माफिया सुरेश ढाका अभी भी फरार

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के पेपरलीक मामले में राज्यपाल कलराज मिश्र ने आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा को निलंबित कर दिया है। राज्यपाल ने यह एक्शन संविधान के अनुच्छेद 317 के उपबंध (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कदाचार के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय को निर्देश (रेफरेंस) किए जाने पर तत्काल प्रभाव से लिया। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसओजी और ईडी द्वारा बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किए गया था। बता दें कि पेपर लीक मामले में बाबूलाल कटारा मुख्य आरोपी हैं तथा मामले में अभी भी पेपर लीक माफिया सुरेश ढाका फरार है।

### अभी जेल में है कटारा

बाबूलाल कटारा पेपर लीक मामले में अभी जेल में है। उनके अलावा एजेंसियों ने पेपर लीक के मामले में और भी कई लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अलग-अलग जेलों में बंद हैं। बीते दिनों ईडी ने इस मामले के पांच आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर के सदस्य रहे बाबूलाल कटारा ने पेपर लीक माफियाओं को 60 लाख रुपए में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का पेपर बेचा था। यही नहीं, आरोप है कि कटारा ने यह प्रश्न पत्र पेपर लीक माफियाओं को अपने सरकारी आवास पर बेचा था और इसकी एवज में शेर सिंह मीणा से 60 लाख रुपए लिए थे। मीणा ने इस पेपर को आगे बेचा। इन सभी तथ्यों की जांच के दौरान सामने आने के बाद एसओजी ने आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा, उसके भांजे विजय कटारा और चालक गोपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में ईडी ने भी इन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ में कई खुलासे किए थे।

### एसीबी ने भी आय से अधिक संपत्ति का केस किया है दर्ज

एसीबी ने भी बाबूलाल कटारा के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति जुटाने की एफआईआर दर्ज की है। एसीबी ने पड़ताल में माना कि कटारा ने आय से दो करोड़ रुपए से अधिक की सम्पत्ति अर्जित की है। पेपर लीक मामले में एसओजी कटारा सहित करीब 65 आरोपी गिरफ्तार कर चुकी है।



### नई सरकार ने आते ही बनाई एसआईटी

राज्य में विभिन्न परीक्षाओं में पेपरलीक लीक से संबंधित घटनाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि को देखते हुए पेपरलीक लीक की रोकथाम एवं इसके संबंध में दर्ज मामलों की त्वरित जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए राज्य सरकार ने 15 दिसंबर 2023 को शपथ लेते ही एसआईटी गठित करने का आदेश दे दिया। इसके अगले ही दिन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया था। एसआईटी द्वारा वर्तमान में राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2021, सीएचओ भर्ती परीक्षा 2020, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022, रीट भर्ती परीक्षा 2021, कनिष्ठ अभियंता (डिग्री) भर्ती परीक्षा 2020, हाई कोर्ट लिपिक भर्ती परीक्षा 2020 की जांच की जा रही है।

### 251 दिन से जेल में... फिर भी पद पर काबिज

वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा के पेपर लीक करने के मामले में बाबूलाल कटारा 251 दिन से जेल में है। इसके बावजूद वह आरपीएससी (राजस्थान लोक सेवा आयोग) के सदस्य का संवैधानिक पद पर होने की वजह से उस पर काबिज रहे। भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने अब चुनौती है कि कटारा को बर्खास्त करने की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाए। कटारा ने 24 दिसंबर 2022 को होने वाली वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा का पेपर अक्टूबर में ही लीक कर दिया था। कटारा के पास विशेषज्ञों से पेपर सैट कराने की जिम्मेदारी थी।

### 615 गिरफ्तारियां... सरकार ने विधानसभा में दी जानकारी

विधानसभा सत्र के दौरान सत्तापक्ष की ओर से पेपर लीक मामलों में अब तक हुई गिरफ्तारियों को लेकर जानकारी दी जा चुकी है। भजनलाल सरकार में मंत्री गजेंद्र सिंह ने सदन को बताया कि 2021 में पेपर लीक के पांच बड़े मामले सामने आए। 2022 में दस व 2023 में पांच ऐसे मामले सामने आए। सरकार ने सदन में बताया कि राज्य में एक जनवरी 2014 से अब तक पेपरलीक के दर्ज कुल 33 प्रकरणों में 615 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है तथा 32 प्रकरणों में चालान (आरोप पत्र) पेश किया जा चुका है, जबकि एक प्रकरण में जांच जारी है।

**'सच बेधड़क' ने IPS की तबादला सूची नहीं आने की खबर की थी प्रकाशित...**

# भजन सरकार ने किए 9 एडीजी रैंक के अफसरों के तबादले

- संजय अग्रवाल खुफिया विभाग के मुखिया, वीके एडीजी एटीएस-एसओजी
- अब रेंज, कमिश्नरेट, जिला एसपी और डीसीपी के होंगे तबादले



संजय अग्रवाल एस सेंगाथिर आनंद श्रीवास्तव



आईपीएस और आरपीएस तबादला सूची को लेकर असमंजस

सरकार के साथ बदली परिपाटी, अब तक नहीं आई IPS की तबादला सूची

सच बेधड़क 25 जनवरी 2024 को प्रकाशित

**बेधड़क | जयपुर**

गणतंत्र दिवस की देर रात सरकार ने 9 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। नई सरकार बनने के 42वें दिन आई पहली तबादला सूची एडीजी रैंक के अफसरों की है। अब जल्द ही रेंज, कमिश्नरेट, डीसीपी व जिला एसपी रैंक के आईपीएस अफसरों के तबादले होंगे। इसको लेकर सरकार व पुलिस महकमे में मंथन किया जा चुका है।

'सच बेधड़क' ने पिछले ढाई दशक में नई सरकार बनने के 40 दिन बीतने के बाद भी आईपीएस तबादला सूची नहीं आने की खबर प्रकाशित की थी। अब तक सरकार बदलने और मुख्यमंत्री के शपथग्रहण लेने के बाद ही आईपीएस अफसरों की पहली सूची तत्काल आ जाती थी और दूसरी सूची 10 जनवरी से पहले आ जाती थी, लेकिन इस बार 42वें दिन आईपीएस अफसरों की पहली सूची आई है। एडीजी हेडक्वार्टर संजय अग्रवाल को एडीजी इंटेलीजेंस के पद पर लगाया है। वे अब सरकार के लिए खुफिया का काम करेंगे। इसके अलावा आनंद श्रीवास्तव को एडीजी कानून व्यवस्था पद से हटाकर एडीजी आरएसी, संजीब कुमार नार्झरी को एडीजी कार्मिक, विशाल बंसल को एडीजी कानून व्यवस्था, वीके सिंह को एडीजी एटीएस-एसओजी, एस सेंगाथिर को एडीजी हेडक्वार्टर, रूपेन्द्र सिंह को एडीजी जेल, भूपेन्द्र साहू को एडीजी तकनीकी सेवाएं और बीएल मीणा को एडीजी कम्यूनिटी पुलिसिंग के पद पर लगाया गया है।

### हूती आतंकियों ने ब्रिटिश तेल टैंकर को बनाया निशाना

**एजेंसी | साना**

यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से एक बार फिर जोरदार हमला किया गया है। आतंकियों ने एक ब्रिटिश तेल टैंकर पर मिसाइल से हमला किया, जिससे उसमें आग लग गई। जहाज की तरफ से SOS सिग्नल मिलते ही इंडियन नेवी के मिसाइल डेस्ट्रॉयर आईएनएस विशाखापत्तनम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को बचा लिया।




*"26 जनवरी की रात में ऑयल टैंकर से डिस्ट्रेस कॉल मिलते ही अदन की खाड़ी में मौजूद हमारे गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉय आईएनएस विशाखापत्तनम ने रिस्पॉन्स दिया और मौके पर पहुंचकर NBCD टीम को आग बुझाने ऑयल टैंकर पर भेजा गया, जिन्होंने ब्रिटिश जहाज के क्रू के साथ मिलकर सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। -**इंडियन नेवी***

**मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बीपीएल आवास योजना में घपला!**

# मृतकों और एक ही परिवार को कर दिया 45.15 लाख रुपए का भुगतान

- एसीबी में जांच के बाद बीडीओ, वीडीओ समेत आठ पर केस दर्ज
- बांसवाड़ा में वर्ष 2012 से 2020 के दौरान किया गया अनियमित भुगतान
- आरोपियों ने कर्मचारियों के नाम से किया आवास बनाने का पेमेंट

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बीपीएस आवास योजना में बांसवाड़ा कनेला पंचायत के अफसरों ने मृतकों, राजकीय कर्मचारियों और एक परिवार के कई सदस्यों को आवास बनाने पर 45.15 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। एसीबी ने तीन साल बाद एक परिवाद की जांच के बाद अब आठ जनों के खिलाफ पद का दुरुपयोग करके राजस्व को चपत लगाने पर मामला दर्ज कर लिया। एसीबी ने आरोपी तत्कालीन विकास अधिकारी (बीडीओ) रमेश चंद मीणा व कैलाश मीणा, ग्राम विकास अधिकारी विनोद पारगी, अनिल जोशी, नानगराम कटारा व मुकेश कटारा के साथ ही कनिष्ठ लिपिक चंपालाल व कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसीबी ने प्रारंभिक जांच के बाद अब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। दरअसल, योजना के तहत 890 आवासों का भुगतान किया था। एसीबी को शिकायत मिली थी कि 47 आवास बनाने पर लाभान्वितों के गलत भुगतान किया है। एसीबी ने 47 आवास भुगतान के प्रकरणों की जांच की तो 37 आवासों का भुगतान करना अनियमित पाया गया। इन आवासों का भुगतान बांसवाड़ा की कनेला पंचायत में वर्ष 2012 से वर्ष 2020 के बीच में किया गया है। इस मामले में एसीबी में वर्ष 2020 में शिकायत की थी।



### एक परिवार के नाम से एक से अधिक बार किया भुगतान

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम से आवासों का भुगतान किया है। एक परिवार के 15 सदस्यों को एक से अधिक बार आवास स्वीकृत करके उनके नाम से 23 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान किया। पांच परिवार गांव में रहते ही नहीं और उनके नाम भी योजना का लाभ देकर कागजों में 3.50 लाख रुपए का भुगतान कर दिया।

### 15 लाभार्थियों के नाम से अन्य को भुगतान

पड़ताल में सामने आया कि आरोपियों ने आपस में मिलीभगत करके 15 लाभार्थियों के नाम से किसी अन्य व्यक्ति को उनके नाम से आवास स्वीकृत करके 18 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। यही नहीं, आरोपियों ने दो राजकीय कर्मचारियों को भी बीपीएल योजना का लाभ देकर उनके नाम से भुगतान कर दिया, जबकि हकीकत में उनको भुगतान ही नहीं हुआ। आरोपियों ने योजना में कई लोगों को दोहरा लाभ देकर, मृत्यु के बाद और बिना आवेदन करने पर लाखों रुपए का भुगतान किया है।

### जांच जारी है...

"मामला दर्ज कर लिया है। अनियमित भुगतान करने का मामला है। अब जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**हेमंत प्रियदर्शी,**
कार्यवाहक डीजी, एसीबी

**जरूरी खबर**

### सचिवालय की बैठकों में नहीं आएगी मिठाई



**बेधड़क. जयपुर।** सचिवालय में होने वाली बैठकों में अब नाश्ते में मिठाई और नमकीन पर रोक लगा दी गई है। सचिवालय के कमेटी रूम और कॉन्फ्रेंस हॉल में होने वाली बैठकों में नाश्ते के तौर पर केवल रोस्टेड चने, रोस्टेड मूंगफली, मखाने और मल्टी ग्रेन बिस्किट ही मंगवा सकेंगे। ब्रांडेड बोतल बंद पानी की जगह अब कांच की बोतल में पानी मिलेगा। सीएमओ को इससे अलग रखा गया है। कार्मिक विभाग ने सचिवालय की बैठकों में नाश्ते और पानी के लिए सर्कुलर जारी किया है। गौरतलब है कि सचिवालय कार्मिक विभाग के अधीन आता है। बैठकें कॉन्फ्रेंस हॉल और कमेटी रूम में होती है। हर बैठक में नाश्ता और चाय की व्यवस्था होती है। अब तक नाश्ते में मिठाई, समोसे, नमकीन दिए जाते थे। अब कार्मिक विभाग ने इसमें बदलाव कर दिया है।

### लोस चुनाव के लिए EVM की जांच प्रक्रिया शुरू

**बेधड़क. जयपुर।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की प्रथम स्तरीय जांच के साथ ही निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य भारत इलेक्ट्रॉनिक, बेंगलुरु के इंजीनीयर्स की ओर से शनिवार से सभी जिलों में प्रारंभ किया गया हैं। उन्होंने बताया कि मशीनों की जांच का कार्य 20 फरवरी तक पूरा होगा।

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण रोकथाम के लिए जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। मंत्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण शासन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी के साथ प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा पौधे लगाने के बाद उनके बड़े होने तक उनकी देखभाल भी करें। उन्होंने प्रदूषण मंडल के अलवर क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देश दिए।

## सरकारी कार्यालयों के साथ ही सामाजिक संस्था-संगठनों की ओर से भी किया गया झंडारोहण

# गणतंत्र को मजबूत करने का किया आह्वान

प्रदेश में 75वां गणतंत्र दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्रियों, मंत्री परिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों एवं जिला कलेक्टर्स ने ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली और गणतंत्र को मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें देश की बहूरंगी संस्कृति के रंग नजर आए। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए कर्मचारियों व समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया।

## दूदू जिला मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया झंडारोहण

**बेधड़क** | जयपुर



उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूदू के खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल योगी ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा। गणतंत्र दिवस समारोह में छात्र-छात्राओं ने व्यायाम प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व संयुक्त मार्च पास्ट की सराहना करते हुए देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संविधान निर्माताओं को भी नमन किया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतनलाल योगी, सभापति कमलेश देवी, दूदू प्रधान रवि चौधरी, उप सभापति अमित जोशी सहित अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

### जयकारों के बीच हुआ झंडा रोहण



जयपुर के न्यू सांगानेर रोड स्थित देवी नगर वार्ड-53 के बाजार में झंडा रोहण किया गया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत, मंडल महामंत्री मानवेन्द्र सिंह, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेश कुमावत, रामस्वरूप कुमावत, मुकेश जांगिड़ आदि मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने भारत मां की जय के नारे लगाए।

### महात्मा गांधी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बिखेरे सांस्कृतिक रंग



सांगानेर के श्योपुर में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 12वीं के विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक रंग बिखेरे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी और देशभक्ति गीतों पर डांस, नाटक, कहानी की प्रस्तुति दी। इस मौके पर भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद राम कुमार वर्मा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि वार्ड-102 के पार्षद महेन्द्र शर्मा थे। इसके अलावा कमल शर्मा, नाथूलाल वर्मा, भामाशाह मोहित टेलर, दिनेश जोशी, डॉ. राकेश, प्रदीप सिंह यादव एवं अन्य अभिभावक उपस्थित हुए। संजनी शर्मा प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें भगवान राम की प्रतिमा भेंटकर आभार जताया। मंच संचालन बिमलेश शर्मा एवं नरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो भेंट किया गया।

## महापुरुषों ने दिलाई आजादी: प्रेमचंद बैरवा



उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमंचद बैरवा ने गणतंत्र दिवस पर झुंझुनूं जिला मुख्यालय के स्वर्ण जयंती स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वाजारोहण किया। उन्होंने झुंझुनूं की वीर धरा को विशेष रूप से नमन करते हुए कहा कि इस जिले ने देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सैनिक दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अंग्रेजी हुकुमत से आजादी दिलाई। संविधान के निर्माता बाबा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को कौन भूल सकता है, जिनके संविधान की वजह से आज भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षो बाद अयोध्या मे रामलला की स्थापना देश और देशवासियो के लिए गौरव की बात है। ध्वज फहराने के बाद उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा को पुलिस बैंड की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। सांसद नरेन्द्र कुमार, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, सीईओ जवाहर चौधरी, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं अधिकारी-कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



*75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में श्याम नगर कृष्णा पार्क में झंडारोहण किया गया। इस मौके पर श्याम नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप गोगलिया, मदन यादव, नवाब खान, सीमा, रमेश यादव, महेश, शिवदयाल जांगिड़, सुरेंद्र, तरुण, सुनील, विष्णु, मुकेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।*

## रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



उत्तर पश्चिम रेलवे के गणपति नगर रेलवे कॉलोनी, जयपुर स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने ध्वजारोहण किया। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल की ओर से विभिन्न तरह के करतब दिखाए गए। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आकर्षक बाइक शो, साइलेंट ड्रिलिंग, वेपन शो और डॉग शो की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मुख्यालय के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर के विभिन्न स्टेशनों एवं कार्यालयो में भी ध्वजारोहण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम विकास पुरवार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीणा व महिला कल्याण संगठन की सदस्य तथा मंडल के अन्य अधिकारी, उनके परिवारजन, ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी तथा रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों व कार्मिकों को किया सम्मानित



गणतंत्र दिवस के मौके पर जयपुर जिला कलक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस की सलामी टुकड़ी ने कलेक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 41 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इसमें सहायक जनसम्पर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत सहित कोषागार, विधि शाखा, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थापित 41 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। वहीं संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषी अजेय मलिक ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में झंडारोहण किया।



*गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों ने भी देश भक्ति दिखाई। इस मौके पर एक तिषा और दुविशा ने तिरंगे के साथ महिला शक्ति का मैसेज दिया।*

## संतों के सान्निध्य में उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के के निर्मला ऑडिटोरियम में गणतंत्र दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'प्रोत्साहन' का आयोजन किया गया। झंडारोहण के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी. एस. रावत ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में नवोदय विद्यालय समिति के डिप्टी कमिश्नर सुरेश कुमार माहेश्वरी ने विद्यार्थियो को विभिन्न स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के इनाम दिए। स्पोर्ट्स वीक 'स्पीड' में विभिन्न प्रतियोगिताओं कबड्डी, वालीबॉल, खो-खो, क्रिकेट और अनेक फन रेसेस में विजयी रहे लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नामदेव भवन में किया झंडारोहण



गणतंत्र दिवस के मौके पर हीरा पथ स्थित संत नामदेव भवन में झंडारोहण किया गया। इसमें काफी संख्या में समाजबंधु, माता-बहनें, युवा शक्ति व बच्चों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के समाज रत्न पुलिस महानिरीक्षक अनिल टांक ने झंडारोहण किया। इसके बाद श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सामूहिक महाआरती की गई। समाज की ओर से आइजीपी पद पर पद्दोन्नत होने पर अनिल टांक का सम्मान किया गया। उन्हें साफा, शाल और माला पहनाकर पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस दौरान अनिल टांक ने समाज के शैक्षणिक उत्थान के लिए 1 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष अनुराग रुणवाल ने महासभा की विभिन्न सहायता योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही जिला न्यायाधीश आर.डी. रोहिला ने अनिल टांक की ओर से समाजोत्थान में किए गए योगदानों पर प्रकाश डालते हुए समाज का युवा वर्ग कैसे आगे बढ़े इसके बारे में अपने सुझाव दिए।

## देशभक्ति गीतों ने जगाया जज्बा



अचीवर्स एकेडमी सीनियर सैकंडरी स्कूल विश्वकर्मा रोड-5 पर 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों में गणतंत्र दिवस का जोश देखने लायक था। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर डांस और नृत्यनाटिका की प्रस्तुति दी। 8वीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी कोतनाला ने अंग्रेजी में भाषण दिया और सभी विद्यार्थियों ने देशभक्ति के साथ साथ रामभक्ति का उत्सव भी बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम रहने पर विद्यालय के डायरेक्टर बीएल सैनी की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से कहा कि हमे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर कर्तव्यों का पालन कर देश के विकास में योगदान करना चाहिए।

**कांग्रेस में नई कलह की शुरुआत**

# जिलाध्यक्ष तिवारी बोले- पार्टी में कई जयचंद, इनसे सावधान रहना होगा

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश कांग्रेस में बड़े नेताओं के बयानों ने पार्टी को असमंजस की स्थिति में ला दिया है। वहीं विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार को लेकर भी अब नया कलह शुरू हो गया है।

इस कड़ी में अब जयपुर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवारी ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर हमला बोला है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान तिवारी ने अपने ही नेताओं पर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी को हाल ही के विधानसभा चुनाव में मिली हार के पीछे हमारी ही पार्टी के लोग थे। तिवारी यहीं नहीं रुके। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि हमारी पार्टी में कई जयचंद मौजूद हैं, ये हमारे आस पास ही हैं। इनसे हमें सावधान रहना होगा।

हमें इन्हीं जयचंदों के कारण हार का मुंह देखना पड़ा। गौरतलब है कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में आरआर तिवारी हवामहल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थे। वे भाजपा के बालमुकुंदाचार्य से हार गए थे। आरआर तिवारी ने कहा कि हम राजधानी के कार्यकर्ता हैं, हमें बहुत सी बातें सोचनी पड़ेगी। हार और जीत चलती रहती है, सरकारें बदलती रहती हैं।

8 सीटों में से हमारे 2 साथी जीत कर आए। हम 6 साथी हार गए, लेकिन हम हारे नहीं हैं, हमें हमारे ही साथियों ने हराया है। यह बात आप कान खेलकर सुन लीजिए हम 6 साथियों को हरवाने में हमारे ही लोगों का हाथ है। हमें बगल में खड़े जयचंदों से बचना पड़ेगा। हमें इसका प्रण करना पड़ेगा कि सरकार बने या न बने, संगठन की ताकत रहनी चाहिए।



### जोशी का टिकट काटकर बनाया गया था उम्मीदवार

कांग्रेस ने पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी का टिकट काटकर आर.आर. तिवारी को हवामहल सीट से उम्मीदवार बनाया था। तिवारी बीजेपी के बालमुकंद आचार्य से मामूली अंतर से आखिरी राउंड में चुनाव हार गए थे। 18 राउंड की काउंटिंग में 17 राउंड में आरआर तिवारी आगे थे, लेकिन आखिरी राउंड में बालमुकुंद आचार्य को बड़ी लीड मिली और वे जीत गए। पूर्व मंत्री महेश जोशी का टिकट काटकर इस सीट पर तिवारी को देने के बाद से खेमेबंदी हो गई थी। इस खेमेबंदी को हार का कारण माना गया।

### तिवारी के बयान के मायने

आरआर तिवारी जयपुर शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हैं, ऐसे में उनका बयान कांग्रेस संगठन का बयान है। इसे पार्टी में कलह और भितरघात को संगठन के स्तर पर स्वीकार करने से जोड़कर देखा जा रहा है। तिवारी ने पूर्व मंत्री महेश जोशी और उनके समर्थक नेताओं की मौजूदगी में यह बात कहकर सियासी चर्चा छेड़ दी है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन जयपुर कांग्रेस की सियासत के जानकार इशारों में सब समझ गए। इसे राजधानी की कांग्रेस सियासत में नई कलह की शुरुआत के तौर पर भी देखा जा रहा है। लोकसभा चुनाव के टिकट वितरण से ठीक पहले यह बयान कई सियासी इशारे भी कर रहा है।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने तीन अवैध कॉलोनी पर की कार्रवाई



**जयपुर।** जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कार्रवाई कर तीन अवैध कॉलोनी ध्वस्त की। इसके अलावा करीब एक हजार वर्ग गज सरकारी जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया। यह जमीन आगरा रोड से गोनेर की ओर जाने वाली सड़क पर थी। नाले से सटी इस जमीन पर कई वर्ष से अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। कार्रवाई के दौरान यहां निर्माण ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि रोपाड़ा में तीन बीघा कृषि भूमि पर आर वी रेजीडेंसी, कानोता बांध के पास एक बीघा निजी खातेदारी के अलावा दो बीघा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान यहां सभी निर्माण ध्वस्त कर दिए। इसके अलावा जामडोली में पांच बीघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया।

### आरएएस अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण 29 से

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 में चयन के लिए संभावित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन 29 जनवरी से किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी कार्यक्रम की पूरी जानकारी अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर ले सकेंगे। कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया ने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर दिए गए निर्देशानुसार अभ्यर्थी को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय पर मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थिति होना पड़ेगा। अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थियों को पुनः स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अवसर नहीं दिया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## बेधड़क मुलाकात : राज्यपाल कलराज मिश्र को विनायक शर्मा ने भेंट की रामलला के सिद्ध विग्रह की तस्वीर







**जयपुर।** सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने शनिवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल ने विनायक शर्मा को जयपुर मे हुए 'रामाभिषेकम् उत्सव एवं विशाल आरती' कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र को विनायक शर्मा ने अयोध्या से लाए अष्टधातु के सिद्ध रामलला के विग्रह की तस्वीर भेंट की।

### सीएम ने की वसुंधरा राजे से मुलाकात: पूर्व सीएम के सरकारी आवास पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आधा घंटे तक की चर्चा

# राजे के अनुभव नई सरकार के लिए साबित होंगे उपयोगी

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी मिल सकता है लाभ

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री बनने के करीब डेढ़ महीने बाद सीएम भजनलाल शर्मा पहली बार दो बार की मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे से मिले। सियासी हलकों में 26 जनवरी को हुई यह मुलाकात चर्चा का विषय बनी हुई है, खासकर ऐसे में जब किन्हीं कारणों से राजे पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में नहीं पहुंचीं।

बहरहाल, सीएम भजनलाल शर्मा शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री राजे के सरकारी आवास 13 सिविल लाइंस पहुंचे। करीब आधे घंटे तक वे पूर्व सीएम के आवास पर रहे। इस दौरान दोनों के बीच हुई चर्चा को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आने के कारण सियासी अटकलें तेज हो गई हैं।

बता दें, इससे एक दिन पूर्व 25 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर आए थे, तब राजे उनका स्वागत करने के लिए जयपुर एयरपोर्ट पहुंचीं थी। वहीं, भजनलाल भी पीएम मोदी से मिले थे। इसके अगले ही दिन शर्मा के राजे से मिलने पर लोग कई मायने निकाल रहे हैं। गौरतलब है कि नई सरकार बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शांत बैठी हैं।





#### संभवत: यह राजे को मनाने की कवायद

एक बात तो राजनीतिक हलकों में खुले तौर पर कही जा रही है कि दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं राजे के अनुभव और उपयोगिता को कम से कम राजस्थान की राजनीति में नहीं नकारा जा सकता। राजस्थान की राजनीति का खासा अनुभव रखने वाले सियासदानों का कहना है कि हालांकि भजन सरकार को किसी प्रकार का कोई खतरा तो नहीं है, अलबत्ता राजे का अनुभव उनके साथ हो जाए तो सरकार को खासा लाभ मिल सकता है। वैसे, राजे का ब्यूरोक्रेसी पर जितना दबदबा रहा है, वह राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी ला सकता है।

#### अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी हो सकती है बात

भाजपा की रीति-नीति के जानकार सियासतदानों का मानना है कि आने वाले दिनों में राजे के करीबी वरिष्ठ नेताओं से भी बात-मुलाकात हो सकती है।

### संविदाकर्मी आज जताएंगे विरोध

## बेरोजगारों ने कहीं मशाल जुलूस निकाला तो कहीं अर्द्धनग्न किया प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में रोजगार की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं का धरना-प्रदर्शन जोर पकड़ता जा रहा है। जहां झालाना में सीफू के सामने नर्सिंग-पैरामेडिकल अभ्यर्थियों का धरना जारी है, वहीं शहीद स्मारक पर राजीव गांधी युवा मित्र प्रदर्शन कर रहे हैं। फार्मासिस्ट-नर्सिंग-पैरामेडिकल संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रदेश के हजारों महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी अपने बच्चों के साथ लगातार डटे हैं। साथ ही सैकड़ों अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल से आरटीओ ऑफिस तक मसाल जुलूस निकाला। रविवार को संघर्ष समिति के आह्वान पर राजस्थान के समस्त संविदाकर्मी अपने-अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांध कर विरोध करेंगे। सोमवार को चिकित्सा विभाग के समस्त संविदाकर्मी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

इधर, शहीद स्मारक पर पिछले 15 दिनों से धरना दे रहे युवा मित्रों ने अर्द्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहना है कि हम गांधीवादी तरीके से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। युवा मित्र संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय मीणा ने बताया कि भाजपा सरकार के गठन के बाद 5000 युवाओं को बेवजह बेरोजगार कर दिया गया। इससे हमारे परिवार का पालन पोषण हो पाना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में रोजगार का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार को हठधर्मिता छोड़ फिर से युवाओं को रोजगार देना चाहिए। अगर समय रहते ऐसा नहीं हुआ। तो लोकसभा चुनाव में बीजेपी को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

### सीएस कल लेंगे विभागों की समीक्षा बैठक

## अफसरों को बतानी होगी अपने विभागों में फाइलों की प्रगति

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नई सरकार के साथ ही ब्यूरोक्रेसी भी नए अंदाज में चलनी शुरू हो गई। ब्यूरोक्रेसी के मुख्य चेहरे सुधांश पंत मुख्य सचिव बनने के बाद लगातार ब्यूरोक्रेसी की कार्यप्रणाली में सुधार कर रहे हैं।

मुख्य सचिव ने सोमवार को सभी विभागों की समीक्षा बैठक बुलाई है। इस में अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विशेष सचिव और संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में इन विभागाध्यक्षों को बताना होगा कि उनके विभाग में फाइल्स के निस्तारण की गति क्या हैं। दिसंबर-2023 की तुलना में जनवरी में कितनी फाइलों का निस्तारण हुआ है। इसके साथ ही विभागाध्यक्षों को यह भी बताना होगा कि वह महीने में कितनी बार अपने अधीनस्थ कार्यालयों में निरीक्षण पर गए। इसके अलावा प्रत्येक विभाग की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। इसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा, संपर्क पोर्टल पर शिकायत की स्थिति और प्रत्येक विभाग की प्रगति की समीक्षा होगी। दरअसल मुख्य सचिव सुधांश पंत का ई-फाइलिंग को लेकर अधिक जोर है।



### दो से तीन डिग्री बढ़ा अधिकतम और न्यूनतम तापमान

## कमजोर पड़ेगा कोहरा, शीतलहर होगी नरम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को प्रदेश के अधिकांश भागों में कोहरा व कोल्ड-डे में कमी दर्ज की गई है, तथा ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। चार-पांच दिन तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने से शीतलहर व कोहरा से राहत मिलने की संभावना है।




#### आज इन इलाकों में येलो अलर्ट जारी

इस बीच मौसम विभाग ने रविवार को बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 28 जनवरी से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र पर दस्तक देगा। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ 31 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों को प्रभावित कर सकता है। इससे उत्तर पश्चिम भारत कुछ मैदानी इलाकों में बारिश देखी जा सकती है। प्रदेश बात करें तो श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और अलवर को छोड़कर अन्य स्थानों पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से ऊपर बना बना रहा।

#### राजधानी में दिन में सर्दी से मिली राहत

जयपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 25.1 रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 9.8 रहा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के चलते शहरवासियों को सर्दी से निजात मिली। दिन में धूप में तेजी देखी गई। हालांकि, शाम होते-होते एक बार फिर सर्दी का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में अब धीरे धीरे सर्दी का असर कम होने लगेगा।

### एसएमएस स्टेडियम में राज्यपाल ने किया ध्वजारोहण

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों की मनभावन प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी और अन्य अतिथि समारोह में मौजूद रहे। समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा सौंगी मुखोटों, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा छाऊ, गुजरात के कलाकारों द्वारा डांडिया रास की प्रस्तुति हुई। वहीं, राजस्थान के कलाकारों ने आंगी गैर, घूमर, कच्छी घोड़ी आदि के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के गुणगान के साथ विकसित भारत पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इससे पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया।



#### सचिवालय कर्मी राज्य प्रशासन की धुरी: सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से शासन सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में झंडा फहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय के कर्मचारी राज्य प्रशासन की धुरी हैं। प्रदेशभर से आमजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सचिवालय आते हैं। सचिवालय में कर्मचारी कार्य संपादन कुशलतापूर्वक करें, ताकि प्रदेश का प्रशासनिक ढांचा दुरुस्त रहे। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के एक महीने में ही जनता से किए वादे पूरे करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हम इसे निरंतर आगे बढ़ाएंगे एवं जनता की आशाओं पर खरे उतरेंगे। संघ के पदाधिकारियों द्वारा उठाई गई सभी मांगों पर ध्यान दिया जाएगा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवालय सेवा के कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने कहा कि सचिवालय में कार्यों के समय पर निस्तारण से प्रदेश में प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे। मुख्यमंत्री ने इससे पहले सचिवालय स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सीताराम चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी तथा सचिवालय सेवा के कर्मखरी मौजूद थे।

#### आवास पर भी फहराया सीएम ने तिरंगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएम निवास पर भी ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर रतिराम के नेतृत्व में आरएसी की टुकड़ी ने सलामी दी। शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### मीरां प्रोत्साहन पुरस्कार से छात्रा को किया सम्मानित



**सीकर।** रींगस सीएचसी के पूर्व प्रभारी डॉ. विनोद गुप्ता व व्याख्याता डॉ. राशि अग्रवाल की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की टॉपर छात्रा को मीरां प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप छात्रा को स्मृति चिह्न व 5100 रुपए की नकद राशि भेंट की गई। गौरतलब है कि डॉ. विनोद गुप्ता की ओर से पूर्व घोषणा के अनुसार अपनी सास स्व. मीरां देवी की स्मृति में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### गणतंत्र के समारोह में नशा कर पहुंचा प्रिंसिपल निलंबित

**नागौर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल में शराब पीकर पहुंचे प्रधानाचार्य को निलंबित किया गया हैं। इस संबंध में स्थानीय विधायक की शिकायत पर पुलिस ने प्रिंसिपल का मेडिकल चेकअप भी कराया था। जानकारी के बाद कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर ने निलंबन के आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार परबतसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद कुमार दानोदिया शराब पीकर विद्यालय पहुंच गए। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पहुंचे परबतसर विधायक रामनिवास गावडिया ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रिंसिपल को पुलिस के हवाले कर दिया।

### अभियान के तहत 14 टन अवैध बजरी, JCB जब्त



**सिरोही।** प्रदेश में अवैध खनन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के 11वें दिन पुलिस ने सिरोही में विभिन्न स्थानों कार्रवाई कर 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 जेसीबी, 14 टन बजरी एवं 8 टन पत्थर जब्त किए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए 15 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में पुलिस ने थाना बरलूट, पालडी एम, सिरोही सदर, रोहीडा में कार्रवाई की है। उधर बूंदी में भी अवैध खनन पर कार्रवाई की गई। नमाना थानाधिकारी सत्यनारायण मालव ने पुलिस टीम के साथ गरडदा क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। यहां से 5 हाईड्रा मशीन, 2 जेसीबी मशीन, 2 ट्रक, 1 ट्रैक्टर, जनरेटर तथा 4 ट्रैक्टर और कम्प्रेशर मशीन को जब्त किया गया।

---

**कोचिंग सिटी में विद्यार्थियों को मानसिक अवसाद से दूर रहने के बताए टिप्स, हर शुक्रवार करेंगे मुलाकात**

# कलेक्टर ने गाना गाकर दिया तनाव से दूर रहने का संदेश

**बेधड़क | कोटा**

कोचिंग सिटी में स्टूडेंट्स की आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में जिला कलेक्टर की ओर से एक ओर नवाचार किया गया है। इसके तहत अब प्रत्येक शुक्रवार को कलेक्टर जिले के हॉस्टलों में जाकर स्टूडेंट्स से मुलाकात करेंगे।

इसके तहत कोचिंग स्टूडेंट को तनाव से बचाने के लिए 'डिनर विद कलेक्टर कार्यक्रम' की शुरुआत की है। इसके अन्तर्गत शुक्रवार की रात कोटा कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी कुन्हाड़ी लैंडमार्क सिटी स्थित रेजिडेंसी हॉस्टल में पहुंचे। यहां उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ पहले गाना गया और फिर डिनर भी किया। डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने 'आ, चल के तुझे, मैं ले के चलूं एक ऐसे गगन के तले.. जहां गम भी ना हो आंसू भी ना हो, बस प्यार ही प्यार पले...' गीत गाया तो बच्चे भी साथ में गुनगुनाने लगे।



अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि वे भी कोटा आए थे, लेकिन मन नहीं लगा तो यहां से चले गए थे।

#### समस्याओं से घबराएं नहीं, सामना करें

इस दौरान कलेक्टर करीब दो घंटे तक स्टूडेंट के बीच रहे और अपने अनुभव शेयर किया। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव भी शेयर किए। कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने कहा कि मैं भी कोटा में एक विद्यार्थी के रूप में कोचिंग के लिए आया था, लेकिन मन नहीं लगने पर जल्दी ही यहां से चला गया और फिर खुद के दम पर ही पढ़ाई कर सफलता अर्जित की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में इस तरह के दौर आते हैं जब असमंजस, अनिर्णय की स्थिति होती हैं और तनाव घेर लेता है। ऐसे में मजबूत होकर समझदारी से काम लेने की जरूरत होती है। ऐसे में किसी भी समस्या से घबराएं नहीं, समस्याएं हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं। घबरा के भागने के बजाय इनका सामना करें, आगे बढ़ें। तभी भविष्य उज्जवल ही होगा। कलेक्टर ने कहा कि जीवन एक ईश्वरीय उपहार है। इसे पूरी शिद्दत के साथ जीने के लिए अपने बड़े लक्ष्य तय करें। करियर लक्ष्य पाने का एक रास्ता मात्र है, मंजिल नहीं। लक्ष्य पाने में असफलताएं आएगी, निराशा भी मिलेगी, लेकिन हार नहीं। किसी परीक्षा में विफल होने मात्र से अपना आकलन न करें। यदि आप डिजर्व करते हैं तो प्रयास जारी रखें, लेकिन इसकी एक सीमा जरूर हो। दूसरे विकल्प भी जरूर खुले रखें।

#### बड़ी सोच रखें और बड़े सपने देखें

कलेक्टर ने कोचिंग स्टूडेंट्स से बातचीत करते हुए कहा कि यह समझे लें कि यह समय आपका सिर्फ रास्ता है, मंजिल नहीं। बड़ा सोचें, बड़े सपने देखें। विफलता से निराश न हो, अन्य विकल्पों के लिए तैयार रहें। अपने कॅरियर के लिए बैक अप प्लान तैयार रखें। असफल होते भी है तो यह मान लेना चाहिए कि आपके लिए अन्य कुछ बेहतर या आपके अनुकूल ईश्वर ने रखा है। खुशी सबसे बड़ी है। जिस क्षेत्र में आप आत्मविश्वास महसूस करें, खुश रहें वह करें। हॉस्टल में साथियों के साथ परिवार का माहौल बनाए, जिससे घर की कमी नहीं खले। इससे पढ़ाई में भी मदद मिलेगी। अनुकूलन की आदत डालें, कुछ चीजें जो अपने अनुकूल नहीं हैं, उनके साथ अनुकूलन के प्रयास करें।

---

**'सच बेधड़क' के स्टिंग ऑपरेशन में कैद हुई तस्वीरें**

# नाम का ड्राई-डे... सरकारी ठेकों पर खुलेआम बिकती रही शराब

**बेधड़क | सांचौर**

राज्य सरकार की ओर से गणतंत्र दिवस पर सूखा दिवस घोषित किया गया, लेकिन इस आदेश की जिला मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में खुली अवहेलना दिखाई दी। वहीं सरकार के आदेश को दरकिनार करते हुए ड्राई-डे पर शराब की अवैध बिक्री को लेकर प्रशासन अनजान बना रहा।

हालांकि मामले को लेकर जब पुलिस एक्शन मूड में आई तो अवैध बिक्री पर अंकुश लगा। वहीं दूसरी तरफ ड्राई डे की पालना को लेकर फिल्ड विजिट में लगाए गए आबकारी विभाग के अधिकारी ड्यूटी से गायब रहे। शुक्रवार अलसुबह से ही सरकारी शराब के ठेको से बेरोक-टोक शराब बिकती रही। इसको लेकर सच बेधड़क की टीम लोगो की सूचना पर पहुंची तो आदेशों की खुले आम अवहेलना साफ तौर पर दिखाई दे रही थी। इसको लेकर न तो प्रशासन गंभीर नजर आया ओर ना विभाग का कोई अधिकार गश्त करता दिखाई दिया। आलम यह था कि गुजरात बोर्डर से लगते सरकारी शराब के ठेको पर विधिवत सील तक नहीं लगाई गई। इसका अंजाम यह रहा कि शराब के ठेको में बैठे सेल्समैन बड़े आराम से बेखौफ होकर शराब बेचते नजर आए। उन्हे न तो विभाग के अधिकारियो का डर था ओर ना पुलिस प्रशासन का। वहीं ड्राई-डे की पालना के लिए प्रशासन की ओर से किए गए मॉनिटरिंग के इंतजाम भी कागजी ही नजर आए।

**जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में भी दिनदहाड़े हो रही थी बिक्री**



> ड्राई-डे पर अगर दुकाने खुली हैं तो कार्रवाई होगी। इसको लेकर एक टीम का गठन किया जाएगा और निरीक्षण भी होगा। अगर नियम के विरूद्ध ऐसा पाया जाता है तो कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में पुनरावृति नहीं हो।
>
> **चंद्रशेखर भंडारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, सांचौर।**

#### पुलिस को सूचना मिलने के बाद कार्रवाई

ड्राई-डे पर शराब की अवैध बिक्री को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारियों तक जानकारी पहुंची तब जाकर इस मामले पर कार्रवाई हुई। एसपी सागर राणा ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर पुलिस ने जहां शराब की दुकानें खुली थी उन्हें बंद कराया। वहीं जिन शराब दुकानों पर सील लगी हुई नहीं थी उन पर सील लगाई गई। पुलिस कार्रवाई को देखकर शराब खरीदने आने वाले लोग भी इधर-उधर छिपते नजर आए।

#### इन जगहों पर उड़ी आदेशों की धज्जियां

शहर के हनुमान मंदिर के पास स्थित शराब ठेके पर शराबी खुलेआम बैठकर महफिल सजा रहे थे, जिन्हें कोई रोकने वाला नहीं था। आबकारी विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर कोई भी फोन रिसीव नहीं कर रहा था। माखुपुरा नेशनल हाईवे से सटे सरकारी शराब ठेके पर दिन में दुकान का शटर नीचे था, लेकिन इस पर न तो विभाग की सील लगी हुई थी ओर ना शटर पर ताला लगा हुआ था। दुकान में एक युवक बैठा था जो साइड की खिड़की से शराब शराब बेच रहा था। विरोल गुजरात बॉर्डर से सटी शराब की दुकान के शटर पर एक तरफ सील लगी हुथी थी वहीं पिछले के दरवाजे खुले थे ओर दो युवक बिक्री के लिए अंदर बैठे थे। गरडाली शराब की दुकान का आगे से शटर बंद था। पीछे के दरवाजे पर कोई सील नहीं लगी हुई थी, अलमारी से शराब बेचने के लिए एक युवक दुकान में बैठा था। पहाड़पुरा के सरकारी ठेके के पीछे के दरवाजे पर कोई सील नहीं लगी थी। यहां एक युवक शराब बेच रहा था। वहीं शहर के नर्मदा कॉलोनी में दोपहर शराब की दुकान खुली थी, जहां से खुलेआम शराब की बिक्री हो रही थी।

---

**जैसलमेर पुलिस का नवाचार**

## अपराधों की रोकथाम के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान

**बेधड़क | जैसलमेर**

प्रदेश में अपराधों की रोकथाम और लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसको लेकर गत दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव सुधांश पन्त की ओर से वीसी के माध्यम से भी प्रदेशभर के जिला कलेक्टरों व पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

इसी कड़ी में जैसलमेर जिले में पुलिस विभाग की ओर से जिले में अपराधों पर कमी लाने के लिए इन दिनों विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस अपराधों पर रोक व अपराधियों की पहचान के साथ यातायात नियमों के लिए भी लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में अब पुलिस अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है।

इसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जैसलमेर जिले में पुलिस विभाग की ओर से सोशल मीडिया के जरीए जागरूक किया जा रहा है। फेसबुक इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप्प सहित अन्य माध्यम से आमजन को साइबर क्राइम व यातायात नियमों के साथ ही



कानूनी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन को वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है।

इनकी अनदेखी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। पुलिस लगातार अभियान व प्रचार-प्रसार कर आमजन को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित कर रही है। समझाइश के साथ-साथ कुछ सख्ती भी की जा रही हैं। चालान भी काटे जा रहे हैं। इसके अलावा दोबारा पकड़े जाने पर वाहन को जब्त कर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही हैं।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिले में शांति व कानून व्यवस्था के लिए पुलिस की हरसंभव मदद करें। अपराध व अपराधियों को बढ़ावा देने के बजाए उनकी शिकायत संबंधित पुलिस थाने में करें।

---

**मैदान पर बैटिंग करते दिखे सांसद दुष्यंत सिंह**

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बेधड़क | झालावाड़**

प्रदेश की पूर्व सीएम एवं वर्तमान विधायक वसुंधरा राजे ने 10वीं अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान मैदान पर राजे के बेटे और सांसद दुष्यंत सिंह बैटिंग करते नजर आए।

इस दौरान विधायक कालूराम मेघवाल, गोविंद रानीपुरिया, संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर सहित पार्टी कार्यकर्ता



मौजूद रहे। इसअवसर पर वसुंधरा राजे ने ध्वजारोहण किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों की कुल 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें करीब 1100 खिलाड़ी क्रिकेट, टेनिस, टेबल टेनिस, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। अपने संबोधन में वसुंधरा राजे ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में (2012) यहां खेलों का महाकुंभ शुरू हुआ था। इसके करीब 11 वर्ष बाद जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के प्रयासों से बड़े स्तर पर एक बार फिर से यहां खेलों का आयोजन हो रहा है, जो झालावाड़ के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को खेल प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न आयोजनों को कराते रहना चाहिए।

---

**आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर हो रही थी तस्करी**

## ट्रेलर से 60 लाख रुपए की शराब बरामद

**बेधड़क | बाड़मेर**

प्रदेश में नशा तस्कर पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। बाड़मेर में भी तस्करों की ऐसी ही कारगुजारी सामने आई है। यहां एक होटल पर लावारिस खड़े ट्रेलर से पुलिस ने 60 लाख रुपए कीमत की पंजाब निर्मित शराब बरामद की है।

यह शराब आलू की बोरियों के नीचे छिपाकर तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने ट्रक से अलग-अलग ब्रांड की शराब के 649 कर्टन जब्त किए हैं। गुड़ामालानी पुलिस ने यह कार्रवाई मेगा हाइवे



रामजी की गोल पर की। पुलिस आरोपी ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार बाड़मेर पुलिस गणपतंत्र दिवस के अवसर पर हाइवे पर नाकाबंदी व गश्त और होटलों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गांधव पुल के पास एक होटल पर लावारिस ट्रेलर दिखाई दिया। पास जाने र ट्रेलर में से शराब की बदबू आ रही थी। पुलिस ने संदेह होने पर जब ट्रेलर की जांच की तो आलू की बोरियों के नीचे शराब से भरे कर्टन रखे हुए थे। पुलिस ने ट्रेलर चालक के बारे में होटल व आस-पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली सकी। इस पर पुलिस ट्रेलर को जब्त कर थाने ले गई। गुड़ामालानी थानाधिकारी सूरजाराम ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब से भरे ट्रेलर को जब्त किया है। ट्रेलर के अंदर पंजाब निर्मित अवैध शराब के 649 कर्टन मिले हैं। ट्रेलर मालिक गोपाराम पुत्र जयराम निवासी गोदारों की ढाणी गांधव कल्ला के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल कानाराम, कांस्टेबल चेतनराम, रमेश कुमार, आसुराम और नाथूसिंह शामिल थे।

---

**भरतपुर और उदयपुर में हुई वारदात**

# जमीनी विवाद में भतीजे को गोली मारी, रंजिश में ली नाबालिग की जान

प्रदेश के दो जिलों में हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। भरतपुर में हुई घटना में रिश्ते में ताऊ लगने वाले शख्स ने ही अपने भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, दूसरी वारदात उदयपुर में हुई जहां पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों ने एक किशोर की चाकू से ताबड़तोड वार कर हत्या कर दी।

**बेधड़क | भरतपुर**

जिले में जमीनी विवाद को लेकर ताऊ ने अपने ही भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं आरोपी ने बीच-बचाव करने आई किशोर की मां के पैर तोड़ डाले। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामला भरतपुर के चिकसाना थाना क्षेत्र के सूती फुलवारे गांव में शनिवार सुबह करीब 10 बजे बजे का है।

चिकसाना थाने के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मृतक के पिता सूरजमल की गांव में जमीन है। जमीन को लेकर कई सालों से उसके बड़े भाई बच्चू से विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के चलते ताऊ बच्चू ने भतीजे सोनू (17) को गोली मार दी। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता सूरजमल ने बताया कि उनकी गांव में जमीन है और उसी को लेकर उसके बड़े भाई बच्चू से विवाद चल रहा है। बच्चू उनकी जमीन को हड़पना चाहता है। इसी को लेकर बच्चू आए दिन परिवार से झगड़ा करता रहता है। बच्चू ने अपने हिस्से की जमीन गांव के ही कृपाल को बेच दी।

शनिवार सुबह बच्चू ने कृपाल को जमीन की नाप के लिए बुलाया था। जमीन की नाप के बाद नींव की खुदाई चल रही थी। इस दौरान




सूरजमल अपने हिस्से की जमीन पर गया था। तभी सूरजमल की बच्चू सिंह और उसके लड़के मुकेश, पप्पू, सुरेश से कहासुनी हो गई।

उन्होंने सूरजमल पर हमला करने की कोशिश की। सूरजमल वहां से अपनी जान बचा कर भाग आया। सूरजमल के बड़े बेटे सोनू और उसकी पत्नी संजू को घटना के बारे में पता लगा तो वे खेत पर पहुंचे। बच्चू और उसके तीनों बेटों ने सूरजमल की पत्नी संजू और उसके बेटे सोनू पर लाठियों से हमला कर दिया। मौका पाकर बच्चू ने देसी कट्टे से सोनू के सीने में गोली मार दी।

### किशोर पर बीच सड़क चाकू से हमला कर हत्या

**उदयपुर।** जिले में दो युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर 16 वर्षीय किशोर पर बीच सड़क पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र के धोली बावड़ी इलाके में शुक्रवार रात 10 बजे की है।

सुरजपोल थानाधिकारी सुनील चारण बताया कि मृतक का नाम रोहिन (16) है और दोनों आरोपी साबिर (22) और अयान (23) उसके चाचा के लड़के हैं। रोहिन



सूरजपोल थाना इलाके में बाइक मैकेनिक का काम करता है। शुक्रवार रात को रोहिन अपने दोस्तों के साथ घर से सवीना जाने के लिए निकला था। रास्ते में रोहिन एक पान की दुकान पर रूका। तभी आरोपी साबिर और अयान कार में सवार होकर वहां पहुंचे और दोनों ने रोहिन पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान रोहिन के साथ मौजूद उसके दो दोस्तों ने उसे बचाने की भी कोशिश की, लेकिन दोनों आरोपी चाकू से लगातार वार करते रहे। बड़ी मुश्किल से रोहिन के दोस्त वहां से जान बचाकर भागे। घटना के बाद इस घटना के बाद परिजन और समाज के लोग आक्रोशित हो गए। शनिवार दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामला शांत कराया।

पुलिस ने बताया कि 8 महीने पहले ईद के दिन पटाखे चलाने की बात को लेकर रोहिन के बड़े भाई नावेद का साबिर और अयान से झगड़ा हो गया था। ये विवाद पटाखे की चिंगारी लगने को लेकर हुआ था। इसके बाद से दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा है।

### जेईई मेंस-2024 शुरू, पहले दिन दो शिफ्ट में हुआ एग्जाम, अगली परीक्षा कल

# फर्स्ट शिफ्ट का पेपर कठिन, सेकंड शिफ्ट में सवाल रहे आसान

बेधड़क | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जेईई-मेंस शनिवार से शुरू हुई। परीक्षा देशभर में निर्धारित सेंटर्स पर दो पारियों में आयोजित की गई। फर्स्ट शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई।

सेकंड शिफ्ट का आयोजन दोपहर 3 से शाम 6:30 बजे तक हुआ। परीक्षा देने वाले छात्रों के अनुसार फर्स्ट शिफ्ट में परीक्षा की कठिनाई का स्तर आसान से मध्यम रहा। जेईई मेन पेपर-1 में बहुविकल्पीय प्रश्न और संख्यात्मक प्रश्न दोनों थे। छात्रों को सेक्शन-बी में 10 में से पांच प्रश्न को हल करने का विकल्प दिया गया था। छात्रों के मुताबिक परीक्षा में मैथ के क्वेश्चन फिजिक्स व कैमिस्ट्री की तुलना में कठिन थे। पेपर में कक्षा 12 के विषयों को अधिक महत्व दिया गया था और कक्षा 12 की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों से कुछ तथ्य-आधारित प्रश्न थे।

गौरतलब है कि जेईई मेंस के अगले पेपर अब 29, 30 व 31 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे।



### आए आउट ऑफ सिलेबस क्वेश्चन

शाम की पारी में परीक्षा देने वाले छात्रों के अनुसार परीक्षा का कठिनाई स्तर आसान से मध्यम था।छात्रों का कहना था कि फिजिक्स और मैथ सैक्शन लंबे थे और कैमिस्ट्री सैक्शन में कुछ प्रश्न उन हिस्सों से पूछे गए थे जिन्हें जेईई मेन-2024 पाठ्यक्रम से हटा दिया गया था।

### गलत उत्तर पर होगी नेगेटिव मार्किंग

खंड दो में प्रत्येक खंड में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) और 10 संख्यात्मक मूल्य प्रश्न (एनवीक्यू) थे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए उम्मीदवारों को चार अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काट लिया जाएगा।

### गणित रही सबसे कठिन

रसायन विज्ञान विषय के प्रश्न गणित की तुलना में अपेक्षाकृत आसान थे। जेईई मेन- 2024 रसायन विज्ञान में अकार्बनिक और कार्बनिक रसायन विज्ञान का वेटेज भौतिक रसायन विज्ञान से अपेक्षाकृत अधिक था। कुछ दावे और कारण-प्रकार के प्रश्न पूछे गए थे और कुछ प्रश्न सीधे एनसीईआरटी पुस्तकों से थे। वहीं, गणित विषय के प्रश्न अन्य दो विषयों की तुलना में अपेक्षाकृत कठिन थे। भौतिकी का समग्र कठिनाई स्तर मध्यम से कठिन था, सही सूत्रों का उपयोग करके बहुत सारे प्रश्न आसानी से हल किए जा सकते थे। यह खंड अन्य दो भागों की तुलना में तुलनात्मक रूप से लंबा और अधिक गणनात्मक था।गणित की तुलना में भौतिकी भाग अपेक्षाकृत आसान था। भौतिकी का समग्र कठिनाई स्तर आसान से मध्यम था। बहुत सारे प्रश्नों की गणना सीधे सूत्रों का उपयोग करके की जा सकती थी।

## Yuva स्टोरीज



### युवाओं को मिले कॅरिअर अवसर

**जयपुर।** नेशनल कॅरिअर सर्विस सेंटर फॉर एससी/एसटी जयपुर व मॉडल कॅरिअर सेंटर, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर के सहयोग से युवाओं के लिए झालाना डूंगरी स्थित सोसायटी प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में सोसायटी के अध्यक्ष आईपीएस डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा, महासचिव जीएल वर्मा, कोषाध्यक्ष दयानन्द सक्करवाल एवं उपक्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अतुल कुमार सोनू (NCS, SC/ST) विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल हुए। मेले में 30 से अधिक युवाओं को मौके पर ही 11 प्रतिष्ठित कम्पनियों की ओर से ऑफर लेटर दिए गए। मेले में भाग लेने वाले 500 से अधिक युवाओं में से 250 युवाओं ने साक्षात्कार दिया जिसमे से लगभग 150 युवाओं का प्राथमिक रूप से आगे की प्रक्रिया के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम में रोजगार विभाग के सहायक निदेशक हरीश नैनकवाल, गुरु प्रसाद लेखरा, महेश धावनिया, प्रशांत मेहरड़ा एवं राजेश वर्मा निमेड़ा ने युवाओं को कॅरिअर परामर्श भी दिया।

### विनय ने जीता गोल्ड



**जयपुर।** जयपुर के शॉटगन प्लेयर विनय प्रताप चंद्रावत ने तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम में टीम के साथ खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता है। विनय जयपुर के सवाई भवानी सिंह स्कूल के 12वीं कक्षा के स्टूडेंट हैं। उन्होंने चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिश्रित टीम ट्रैप शॉटगन शूटिंग में गोल्ड मैडल जीता है। विनय चंद्रावत का हाल ही एशियन चैम्पियनशिप 2024 भारतीय टीम के लिए भी चयन हुआ था। विनय बचपन से ही क्रिकेट के शौक़ीन रहे हैं, वो बचपन से क्रिकेट खेलते आए हैं पर जब पहली बार शॉटगन खेल में हाथ आजमाया तो उन्हें इस खेल में ही अपना भविष्य दिखने लगा। विनय ने अब तक एक इंटरनेशनल गोल्ड समेत 33 मेडल जीते हैं । विनय जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।



### चैंपियन बनी पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान क्रिकेट एकेडमी में चल रही बागड़ा यूथ क्रिकेट कप-2024 प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बागड़ा पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स, अचरावाला ने बागड़ा डायमंड को हराकर खिताब अपने नाम किया। कमलेश मेहता के 29 व संजू शर्मा के 25 रनों की मदद से पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स ने फाइनल मैच दो विकेट से जीता। बागड़ा डायमंड का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला गलत साबित हुआ और उनकी पूरी टीम 14.5 ओवर में 95 ही रन पर ऑल आउट हो गई। बागड़ा डायमंड के जितेन्द्र 28, अक्षय 20 रन एवं डीके 14 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स के गेंदबाजी आक्रमण के सामने नहीं टिक पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागड़ा पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स की शुरूआत बेहद खराब रही। लेकिन कमलेश मेहता 29 और संजू शर्मा 25 रनों की मदद से आठवें विकेट के लिए 54 रनों की पार्टनरशिप से अंतिम ओवर में यह मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। बागड़ा डायमंड के तुषार शर्मा ने 2 तथा अशोक शर्मा, राजकुमार बागड़ा, बीएस, व अक्षय शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। बागड़ा पीपीडब्ल्यू स्ट्राइक्स के निरंजन शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज कमलेश मेहता, बेस्ट बल्लेबाज मनोज शर्मा, बेस्ट गेंदबाज निरंजन शर्मा व बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार सुनिल शर्मा को दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामावतार शर्मा ने ट्रॉफी प्रदान की।




### बच्चों ने जमाया रंग

**जयपुर।** एशियन पब्लिक स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उत्सव को यादगार बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई।

### सप्त शक्ति आशा स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

# देश के खास दिन में 'खास' बच्चों ने भरे उल्लास के रंग



### विशेष क्षमताओं वाले बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बेधड़क | जयपुर

देश के गणतंत्र दिवस के उल्लास में देशवासियों के साथ विशेष क्षमताओं वाले बच्चे भी रंगे नजर आया। मौका था सप्त शक्ति आशा स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का। स्कूल के स्पेशल बच्चों और स्टाफ हर्षोल्लास के साथ देश के गणतंत्र का समारोह मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत आशा स्कूल ऑफिसर इंचार्ज और कश्मीर राइफल्स के लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह योगी और प्रधानाचार्या योगिता माथुर ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। लेफ्टिनेंट कर्नल विक्रम सिंह योगी ने बच्चों और स्टाफ के अंदर देशभक्ति का संदेश देते हुए कहा कि हर एक बच्चा खास होता है और हर किसी में कुछ नयापन है।

हर बच्चे के अंदर से उस नएपन और खासियत को पॉलिश करके बाहर निकालना और निखारना एक अध्यापक का कर्तव्य है। समाज में संस्कार और अनुशासन को बनाए रखना हर बच्चे और अध्यापक का मूल कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन आशा स्कूल की फिजियोथैरेपिस्ट कृतिका सैनी ने किया।

### सैनिकों के विशेष बच्चों को मिलती है शिक्षा


सप्त शक्ति आशा स्कूल दक्षिण पश्चिमी कमान के अंतर्गत एक विशेष विद्यालय है जिसमें फिलहाल 45 विशेष बालक बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आशा स्कूल में 5 साल से 18 वर्ष तक के बालकों को विशेष शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां विशेष रूप से सैनिकों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आशा स्कूल ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी और बौद्धिक अक्षमता वाले बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर बल देता है। इन बालकों को उनकी विशेष आवश्यकताओं के अंतर्गत स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, सेंसरी थेरेपी, फिजियोथैरेपी आदि भी प्रदान की जाती है।



### व्यावसायिक कौशल पर भी जोर

इस स्कूल में बच्चों को मेडिटेशन और व्यायाम के साथ विशिष्ट शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत पढ़ाई करवाई जाती है। पूर्व व्यावसायिक कौशलों में भी बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है और उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स बनाना सिखाया जाता है।





### RSSB की पहल

## पहली बार वॉट्सएप पर भेजे एडमिट कार्ड

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने नर्स (GNM), महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) और कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पहली बार अभ्यर्थियों को वॉट्सऐप के जरिए भेजे हैं। जीएनएम व एएनएम भर्ती परीक्षा 3 फरवरी व कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 4 फरवरी को होगी। वॉट्सएप काम में नहीं लेने वाले अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

बोर्ड की ओर से भर्ती परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों के लिए गाइडलाइन भी जारी की गई है। बोर्ड के मुताबिक अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। वहीं परीक्षा से ठीक एक घंटा पहले अभ्यर्थियों के प्रवेश को बंद कर दिया जाएगा।

इस दौरान एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को अपनी एक महीने के भीतर खिंचवाई गई पासपोर्ट साइज फोटो भी लाना अनिवार्य होगा। तीनों भर्ती परीक्षाओं में 2.37 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को प्रत्येक सवाल के जवाब का पांचवां विकल्प भी दिया जाएगा। अगर अभ्यर्थी 4 में से कोई ऑप्शन नहीं भरता है तो उसे 5वां ऑप्शन भरना होगा।

RSMSSB

### कृषि पर्यवेक्षक में सर्वाधिक अभ्यर्थी

बोर्ड की ओर से तीनों भर्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया पिछले साल अक्टूबर से पहले ही पूरी कर ली गई थी। इसके बाद से ही भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी इंतजार कर रहे थे। ANM के लिए 18,816, GNM के लिए 71,474 और कृषि पर्यवेक्षक के लिए 1,47,041 कैंडिडेट्स ने आवेदन किया है।

अभ्यर्थियों को पांचवें ऑप्शन के लिए 10 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम भी दिया जाएगा जिसमें अभ्यर्थी सवालों के जवाब को अच्छे से जांच कर 5वां विकल्प भर सकेंगे। अगर किसी अभ्यर्थी ने अटैम्प्ट ना किए सवालों में से 10 प्रतिशत से अधिक में 5वां ऑप्शन नहीं भरा तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

### सेलिब्रेशन | आईसीएआई का सीए छात्रों के लिए आयोजन

# कार्निवल में जमा एजुकेशन और एंटरटेनमेंट का फ्यूजन

बेधड़क | जयपुर

भारतीय सीए संस्थान (ICAI) की जयपुर शाखा की ओर से परिसर में पहली बार सीए छात्रों के लिए एक विशेष कार्निवल उत्सव का आयोजन किया गया। आईसीएआई बोर्ड ऑफ स्टडीज ऑपरेशन्स के तत्वावधान में आयोजित कार्निवल में एक हजार से अधिक सीए स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विष्णु अग्रवाल और सचिव सीए अंकुर गुप्ता ने बताया की सीए छात्रों के लिए शिक्षा और मनोरंजन के इस मंच पर छात्रों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति के साथ ही विभिन्न कल्चरल प्रोग्राम्स का आनंद लिया। इस कार्निवल में साहित्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्निवल में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से स्टूडेंट्स को नई जानकारियां व अनुभव मिला। बोर्ड ऑफ स्टडीज-ऑपरेशन्स में स्टूडेंट स्किल्स एनरिचमेंट बोर्ड के अध्यक्ष सीए मंगेश पांडुरंग ने कार्निवल में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया व स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया।

सेंट्रल कॉन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। सीकासा अध्यक्ष जयपुर शाखा सीए विकास यादव ने बताया कि कार्निवाल में सीए छात्रों के लिए विभिन्न कला और साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें डांस, कविता, मिमिक्री, सॉन्ग्स सहित कई अन्य रोमांचक खेलों को शामिल किया गया। सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित हुई जिसमें स्टूडेंट्स ने भरपूर आनंद लिया।





### मिला नेटवर्किंग का मंच

कार्निवल में स्टूडेंट्स को प्रोफेशनल नेटवर्किंग का बेहतरीन मंच भी मिला। कार्निवल के दौरान स्टूडेंट्स ने दूसरे स्टूडेंट्स के साथ प्रोफेशनल टॉक्स के माध्यम से अपना विजन साझा किया व उनका व्यू लिया। साथ ही विभिन्न आईडियाज पर चर्चा करके भविष्य में साझेदारी या अन्य सहयोग की संभावनाएं तलाशीं।




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


**शाश्वत सनातन**

*गुजरात के मेहसाणा जिले के ऊंझा में स्वयं भगवान शंकर के द्वारा स्थापित किया गया उमियां माता का मंदिर है। उमिया माता कड़वा पाटीदार समुदाय की कुलदेवी के रूप में प्रसिद्ध है। उमिया माता का मंदिर लगभग 1200 वर्ष पुराना है। मंदिर में हर 100 साल में भव्य महोत्सव मनाया जाता है। उमियां माता मंदिर संस्थान ऊंझा गुजरात द्वारा 1001 मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया है। अहमदाबाद में 1500 करोड़ की लागत से माता का बड़ा मंदिर भी बनने जा रहा है।*

## गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित है देवी का 1200 साल पुराना मंदिर

गुजरात के मेहसाणा जिले के ऊंझा में ब्रह्मांड की सर्वशक्तिमान देवी मां उमियां का मंदिर है। कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना स्वयं भगवान शंकर ने की थी। ऊंझा गुजरात के अहमदाबाद शहर से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उमियां माता कड़वा पाटीदार समुदाय की कुलदेवी के रूप में जगत प्रसिद्ध है। सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां काली देवता के विभिन्न अवतार हैं। मां उमिया को भक्तों द्वारा शक्ति और दिव्यता के स्रोत और दाता के रूप में पूजा जाता है, यह भगवान भोलेनाथ की अर्धांगिनी सती का स्वरूप के रूप में पूजी जाती हैं।

# स्वयं भगवान शंकर ने की थी ऊंझा में मां उमियां के मंदिर की स्थापना





## 1952 में रखी गई मंदिर की असली नींव

यूपी और बिहार की सीमा पर माधवती के राजा व्रजपाल सिंह, महेत के राजा चंद्रसेन से युद्ध हार गए थे। इसीलिए उन्हें गुजरात भागना पड़ा और वे मातृ श्राद्ध के लिए सिद्धपुर आए। वहां उनकी मुलाकात अपने ही समुदाय के लोगों से हुई और उनके आग्रह पर वे ऊंझा में रुके और फिर वहीं बस गए। उन्होंने ईसा पूर्व 156, विक्रम संवत 212 में उमिया माताजी के मंदिर की स्थापना की और एक बड़ा हवन किया। वर्तमान मंदिर विक्रम संवत 1943 और वर्ष 1887 ई. में पाटीदार समुदाय के प्रत्येक घर के योगदान से बनाया गया था। मंदिर का निर्माण राम चंद्र मनसुख लाल द्वारा और उनके बाद राय बहादुर बेचरदास लश्करी द्वारा शुरू किया गया था। इस दौरान गायकवाड़ सरकार और पाटीदार समुदाय की ओर से भी योगदान दिया गया। मंदिर के वास्तुपूजन में गायकवाड़ों के प्रतिनिधि उपस्थित थे और उन्होंने भगवान को बहुमूल्य वस्त्र अर्पित किए। उन्होंने श्री बेचरदास लश्करी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उस समय, श्री नगारदास उग्र दास पटेल मोलोट और श्री कुशलदास रुसाटे ने 2000/- रुपये के चढ़ावे के साथ स्वर्ण शिखर चढ़ाया। उसके बाद सन् 1894 ई. में मानसरोवर का निर्माण हुआ। मंदिर के निर्माण के लिए श्री बेचरदास लश्करी के नेतृत्व में एक पंच समिति नियुक्त की गई। साल 1931 में इस ट्रस्ट का गठन हुआ और साल 1952 में उमियां माता मंदिर की असली नींव रखी गई। पत्थर का काम और मानसरोवर भवन का निर्माण सभी ट्रस्ट की मदद से किया गया है।



### हर 100 साल में मनाया जाता है महोत्सव

उमियां माता का मंदिर लगभग 1200 वर्ष पुराना है और स्थानीय लोगों की सहायता से लगभग एक शताब्दी पहले इसका पुनर्निर्माण किया गया था। माना जाता है कि देवी उमियां के आशीर्वाद के कारण ऊंझा शहर समृद्ध है। उमिया माताजी के मंदिर में हर 100 साल में महोत्सव नामक एक भव्य उत्सव मनाया जाता है। यह उत्सव एक सप्ताह तक चलता है। महोत्सव आखिरी बार वर्ष 1976 में मनाया गया था। मेहसाना जिले के उंझा में उमिया धाम मंदिर कुर्मी, पटेल, कटियार पाटीदार समाज की कुलदेवी का मंदिर है। उमियां माता मंदिर संस्थान ऊंझा गुजरात द्वारा 1001 मंदिर बनाने का संकल्प लाया है। अहमदाबाद में 1500 करोड़ की लागत से एक बड़ा मंदिर भी बनने जा रहा है।

### वास्तुकला में अद्वितीय है उमियां माता का मंदिर

उमियां माताजी मंदिर का मुख्य मंदिर लगभग 63 फीट ऊंचा है, जिसकी लंबाई पूर्व-पश्चिम दिशा में लगभग 86 फीट और उत्तर-दक्षिण दिशा में 81 फीट है। यह मंदिर तीन भागों में विभाजित है जो शैली और वास्तुकला में अद्वितीय है। पहला भाग मानसरोवर, दूसरा भाग मुख्य मंदिर परिसर और तीसरा भाग धर्मशाला है। परंपरागत रूप से, उमियां माताजी मंदिर को ईंटों और चूना पत्थर से बनाया गया था, जिसने एक अलग रूप दिया है और बाकी मंदिरों की तुलना में इसकी वास्तुकला बिल्कुल अलग है। विनाश के बाद नए मंदिर का मैदान भी पत्थर के काम से बनाया गया है। इसके अलावा, उमियां माताजी मंदिर मैदान में दुकानें, विश्राम गृह, टावर और बोर्ड हॉल जैसी कई नई संरचनाएं भी स्थापित की गई हैं।

### ये दंत कथाएं भी प्रचलित

पुरानी पौराणिक कहानियों के अनुसार ऊंझा में मां उमियां मंदिर की स्थापना स्वयं भगवान शंकर ने की थी। वर्ष 156 ईसा पूर्व विक्रम संवत- 212 में राजा व्रजपाल सिंहजी ने मंदिर का निर्माण कराया था। राजा अवनीपत ने एक लाख पच्चीस हजार नारियल और घी से भरे कुएं से एक बहुत बड़ा यज्ञ किया था। विक्रम संवत 1122/24 में वेगड़ा गामी ने मंदिर का निर्माण कराया था, जिसे अल्लाउद्दीन खिलजी के सेनापति उलुग खान ने तोड़ दिया था। वह मंदिर वहीं था, जहां वर्तमान में मोलोट विंग में शेषशायी का निवास है। मोलोट की बड़ी मढ़ में माताजी की मूर्ति सावधानीपूर्वक संरक्षित है और आज वहां एक गोख है। यह उमियां माता मंदिर की असली नींव है। यह मंदिर पाटीदार कुर्मी पटेल आदि समाजों के लिए बड़ी श्रद्धा का स्थान है।

**कविता**

## पहाड़ का दर्द






**सुनील कुमार महला**
युवा साहित्यकार


रो रहे हैं पहाड़
आंसू ढुलक रहे हैं
लालची, लोभी मनुष्य ने
पहाड़ों को बना दिया है
श्मशान
विकास की धुन की परिपाटी से
किचकिचाने और भुरभुराने लगे
हैं पहाड़
सीना हो गया है छलनी
क्यों कि पहाड़ के दर्द को
कोई भी अपना दर्द नहीं समझते
मनुष्य के माथों में झिलमिलाता है
बस विकास ही विकास
दरअसल पहाड़ की दलीलों को
बेतुकी दलीलें समझते हैं लोग
लेकिन
पहाड़ का हृदय मुट्ठी सा भिंचता
है हर पल
उसके सांस सूखते हैं
जब कंक्रीट की दीवारें खड़ी की
जातीं हैं
बनाए जाते हैं जब अनगिनत पुल,
सड़कें और
खोदी जाती है जब अनगिनत
सुरंगें
बेपरवाह
मनुष्य को बिजली चाहिए
खनिजों का भंडार चाहिए
सहूलियतें चाहिए
दरअसल,
समस्त प्राकृतिक संसाधनों को
पी जाना चाहता है आदमी
इसलिए मनुष्य आज निडर और
बेखौफ
होकर पहाड़ की छाती पर हर
पल हंसता है
मनुष्य सोच रहा है कि
वह तो विकास का एक बड़ा थान
बुन रहा है
लेकिन
विकास के इस विशालकाय
और भारी-भरकम थान में
आने वाली पीढ़ियों के बदन नंगे
ही रहेंगे...!

**शब्दों की सीख**

# पंचों का यह कैसा इंसाफ?




**गीता यादव**
वरिष्ठ पत्रकार


दोपहर ढल रही है, परन्तु अभी शाम के साए नहीं उतरे हैं। बंशीधर के घर, कोहराम मचा है। घर के आंगन से किसी के रोने की आवाज आ रही है। लोग हाथ का काम छोड़कर बंशीधर के घर की तरफ, दौड़े चले आ रहे हैं। देखते ही देखते सारा गांव बंशीधर के यहां जमा हो गया है। जमा हुए लोगों के चेहरे पर, एक ही सवाल है-क्या हुआ, कौन विलाप कर रहा है? वातावरण में घनी चुप्पी है। गांव के पुरुष घर के बाहर ही बंशीधर को घेरे, मामले की पूछताछ में लगे हैं। लेकिन महिलाएं बेधड़क, घर के भीतर आ-जा रही हैं। आंगन का दृश्य, बड़ा ही हृदय विदारक है। बंशीधर का छोटा लड़का, अपनी नई-नवेली दुल्हन को बड़ी बेरहमी से पीट रहा है। पीटने के साथ ही गंदी-गंदी गालियों की बौछार भी करता जा रहा है। सुबकते हुए दुल्हन बार-बार यही कह रही है, मुझे नहीं मालुम, ये सब कैसे हुआ? मैंने कुछ नहीं किया? लेकिन उसका पति, तुलसीराम उसकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। गांव वाले जानते हैं, लड़कपन से ही तुलसीराम के क्रोधी स्वभाव को। इसलिए कोई बीच-बचाव के लिए आगे नहीं आ रहा है। आखिरकार थोड़ी ही देर में सारा मामला साफ हो गया। बंशीधर की पत्नी ने बताया कि तुलसीराम की पत्नी चतुरा ने गांव में आए एक गोदनेवाले से अपने बाएं हाथ पर किसी पराए मरद के नाम का गोदना गुदवा लिया है। घर में कोई पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन तुलसीराम चौथी फेल है। चाय का प्याला थामते समय उसकी नजर उस गोदने पर कुछ देर पहले ही पड़ी है। उसी को लेकर ये सब हंगामा हो रहा है।

सारा माजरा समझने के बाद, गांव के एक बुजुर्ग पंच ने बीच-बचाव करते हुए, मामला शांत किया। उसने कहा-गोदनेवाला कौन है, किस गांव का है उसे पता करने में कुछ दिन लग जाएंगे। आज से ठीक पन्द्रह दिन बाद गांव की पंचायत बैठेगी। वहीं इस बात का फैसला होगा। जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पंचायत उसे कड़ी सजा देगी। लेकिन, तब तक ये इस घर में नहीं रहेगी बापू। बुजुर्ग की बात सुनकर तुलसीराम जोर से चिल्लाया और तेज कदमों से चलता, सबकी आंखों से ओझल हो गया। धीरे-धीरे भीड़ छंटने लगी थी। गांव की कुछ महिलाएं, झुंड बनाकर कानाफूसी करने लगीं। चतुरा की ननद काली उसे घर के बाहर बनी एक छोटी सी झोपड़ी में छोड़ आई। चतुरा के लिए यह सब असहनीय था। उसका भगवान जानता था कि वह बेकसूर है। बुरा हो उस गोदनेवाले का जो उसे अनपढ़ जान उसके साथ इतना बड़ा छल कर गया, उसने मन ही मन उसे कोसा।

झोपड़ी के फर्श पर पड़ी-पड़ी वह रोती रही। उसका चेहरा सूखे हुए आंसुओं से चिटचिटा रहा था। होठों पर पपड़ियां जम चुकी थीं। जब छोटी ननद ने आकर लालटेन जलाई तो उसे भान हुआ कि रात हो गई है। भाभी खाना लाई हूं, खा लो, सुबह से भूखी हो कहकर उसने एक सहानुभूति वाली नज़र चतुरा पर डाली और कमरे से बाहर निकल गई। चतुरा की भूख-प्यास सब गायब हो गई थी। उसने लालटेन बुझा दी। वह सोने की कोशिश करने लगी, पर नींद उसकी आंखों से कोसों दूर थी। फर्श पर पड़े-पड़े वह पूरी रात सियारों की हूंक, उल्लू और अन्य रतजगे पक्षियों की आवाजें सुनती रही। अपनी हालत देख उसे अनायास उन सारी बदनसीब औरतों का ख्याल आने लगा। औरतों को क्यों हमेशा उन गुनाहों की सजा मिलती है, जो उन्होंने किया ही नहीं। क्यों किसी और का किया किसी और पर आता है। कमजोर होना, मजलूम होना शायद सबसे बड़ा गुनाह है उनका ....उसने सोचा। गौरवर्णा, तीखे-नाक-नक्श वाली 16 वर्षीय चतुरा, इस घर में कुछ दिन पहले ही ब्याहकर आई थी। उसकी स्मृतियों में अतीत की कुछ धुंधली-सी परछाइयां उभरी थीं। उसे याद आया उसका भतार तुलसीराम। जब वह उसके करीब आता, तो वह किस कदर जास्मीन की तरह महकने लगती थी, पंखुरी-पंखुरी खिलने लगती थी। लेकिन जब बखत खराब होता है, तो सब बदल जाता है। चतुरा ने सोचा... वो पति जो कल तक उस पर जान छिड़कता था, आज उसी की जान लेने पर तुला है। उसे तनिक भी अपनी बहुरिया पर भरोसा नहीं है। चतुरा कभी गोदना नहीं गुदवाना चाहती थी, लेकिन जब से वह इस घर में ब्याह के आई, तब से घर की औरतों ने उसे गोदने के नाम पर टोकना शुरू कर दिया था। दादी सास ने तो साफ-साफ कह दिया था, जब तक इसके हाथ में गोदना नहीं गुदेगा, वह उसके हाथ का पानी तक नहीं पियेगी।

आखिरकार एक दिन गोदनेवाले की आवाज सुनकर, ननद काली ने उसे कुएं के पास रुकवा लिया। चतुरा ने कलाई गोदनेवाले के आगे कर दी। चतुरा का सारा ध्यान तुलसीराम की तरफ था, कितना खुश होगा उसका भतार उसके हाथ में अपना नाम देखकर। वह उसके ख्यालों में इस कदर खोई हुई थी कि उसे गोदने के दर्द का अहसास तक नहीं हुआ। काली ने उसे पुकारा। तब उसका ध्यान गोदने की तरफ गया। नाम के पास एक गुलाब का फूल गुदा था, जो उसे बहुत पसंद आया। अगली सुबह जब चतुरा तुलसीराम को चाय देने गई, तो उसकी नजर उसकी कलाई पर पड़ गई। चतुरा ने भी शरमाते हुए हाथ आगे बढ़ा दिया। उसे क्या पता था, अगले ही पल उसकी दुनिया उजड़ जाएगी। बीती बातों को याद करते हुए, कब उसकी आंख लग गई उसे पता ही नहीं चला। इसी तरह रोते-कलपते चौदह दिन बीत गए। ये चौदह दिन चतुरा के कैसे बीते, ये वो ही जानती थी। पन्द्रहवें दिन चतुरा को सुबह-सुबह गांव की चौपाल पर ले जाया गया। पंचों ने उसे बैठने का इशारा किया। उसकी नजर तुलसीराम पर पड़ी। उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों कई रातों से वह सोया न हो। दूसरी तरफ गोदनेवाला बैठा था। उसके चेहरे पर कोई भाव नहीं थे या वह कुछ छुपाने का प्रयास कर रहा था। पंचायत की कार्यवाही शुरू हुई। गोदनेवाला, जिसका नाम गुनीराम था, उसे गांव के लोग गुनिया के नाम से जानते थे। उसने साफ-साफ शब्दों में कह दिया-इन्होंने जो लिखवाया, वो मैंने लिखा। मैं इस गांव में पिछले बारह बरस से आ रहा हूं, क्या कभी किसी बेटी-बहन को मैंने शिकायत का मौका दिया? गांववालों ने भी कबूल किया कि हां इस तरह की यह पहली घटना है। इससे पहले तो कभी ऐसा नहीं हुआ। गोदनेवाले का झूठ सुनकर चतुरा की आंखों में आंसू आ गए। तभी उसकी ननद काली तेजी से आगे आई। उसने पंचों से कहा कि भाभी ने तो भाई का नाम भी नहीं लिया, मैंने ही भाई का नाम गोदनेवाले को बताया, यह गोदनेवाला सरासर झूठ बोल रहा है। इतना सुनते ही तुलसीराम तेजी से उठा और उसने गुनीराम की गर्दन दबोच ली।

एकाएक माहौल गरमा गया। सभी तुलसीराम की ओर लपक लिए। गुनीराम डर के मारे कांप रहा था। उसे इस बात का तनिक भी अंदेशा नहीं था, कि उसके साथ ये सब घटित होगा। गुनीराम ने कांपते हुए भरी पंचायत में अपना गुनाह कबूल करते हुए कहा कि उसने अपने जीवन में इतनी खूबसूरत औरत पहले कभी नहीं देखी थी, इसलिए उसकी नीयत डोल गई। उसी ने दुल्हन की कलाई पर अपना नाम गोदा है। इतना सुनते ही सभी की सहानुभूति चतुरा की तरफ हो गई। पंचों ने गुनीराम को पांच जूते मारने की सजा सुनाई, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। पंचायत में गुनीराम को पांच जूते मारकर छोड़ दिया गया। चतुरा हैरान थी पंचों के इस न्याय पर। क्या इसी कड़ी सजा की बात वो पंच कर रहे थे। चतुरा मन ही मन बुदबुदाई..... सिर्फ पांच जूते। ये सब सोचते बिचारते आखिरकार चतुरा इस नतीजे पर पहुंची...... आखिर ये पंच भी तो मरद ही हैं ना।

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# सदन की मर्यादा तोड़ने वालों के साथ खड़ी हो जाती हैं कुछ पार्टियां

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। पीएम मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन खास है, क्योंकि यह 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। मैं देशवासियों की ओर से संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धापूर्वक नमन करता



हूं। उन्होंने आगे कहा, पीठासीन अधिकारियों के इस सम्मेलन के लिए संविधान सभा से सीखने को बहुत कुछ है। एक समय था, जब सदन में कोई भी सदस्य शिष्टाचार का उल्लंघन करता था और अगर उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाती थी, तो सदन के अन्य वरिष्ठ सदस्य उस सदस्य को समझाते थे कि भविष्य में वे ऐसी गलती न करें, जो सदन के माहौल और उसकी मर्यादा को प्रभावित करती है। लेकिन, आज कुछ राजनीतिक दल ऐसे सदस्यों के समर्थन में खड़े हो जाते हैं।

उनकी गलतियों का बचाव करने लगते हैं। यह स्थिति संसद हो या विधानसभा, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इस पर चर्चा बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति संसद हो या विधानसभा, किसी के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारी संसद एवं हमारी राज्य की विधायिकाएं अब ई-विधान एवं डिजिटल संसद के प्लेटफार्म के जरिये 'एक राष्ट्र, एक विधायी मंच' के लक्ष्य पर काम कर रही हैं। अमृतकाल में तय लक्ष्यों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमृतकाल में आज देश जिन लक्ष्यों को तय कर रहा है, उनमें हर राज्य सरकार एवं वहां की विधानसभा की बहुत बड़ी भूमिका है। देश की प्रगति तब होगी, जब राज्यों की प्रगति होगी।

## व्यवधान के माध्यम से असहमति और विरोध नहीं जताया जाए : बिरला



सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों में अनुशासनहीनता, कार्यवाही में व्यवधान और असंसदीय आचरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विधानमंडलों की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अहसमति व्यक्त करने के लिए गुंजाइश है। इसलिए, व्यवधान के माध्यम से विरोध और असहमति नहीं जताई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानमंडलों की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखना और विधानमंडलों में मर्यादापूर्ण आचरण को बनाए रखना सर्वोपरि है। लेकिन यह चिंता का विषय है कि इन मुद्दों पर आमसहमति होने के बावजूद हम अभी तक सदन के सुचारू कामकाज के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को लागू नहीं कर पाए हैं।

## काम के नए तरीकों को दिया जाएगा बढ़ावा

बिरला ने सुझाव दिया कि विधानमंडलों में काम करने के नए तौर-तरीकों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाएं कार्यपालिका की निगरानी की अपनी जिम्मेदारी बेहतर ढंग से निभा सकें। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर सहित 26 पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

## मोदी को फिर PM बनाने के लिए BJP में वापसी: शेट्टार



**बेंगलुरु** । कर्नाटक के पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार ने शनिवार को बताया कि उनके भाजपा में वापस आने की प्रक्रिया पांच-छह महीने पहले से चल रही थी। उन्होंने भाजपा में वापसी का लक्ष्य पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा को दिया। शेट्टार ने कहा कि भाजपा में वापस लौटने की मुख्य वजह पीएम नरेंद्र मोदी को फिर से देश का प्रधानमंत्री बनाने में योगदान करना है। जगदीश शेट्टार बीते गुरुवार को ही फिर से भाजपा में शामिल हुए। बीते साल कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव से पहले शेट्टार कांग्रेस में चले गए थे। दरअसल भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं देने का फैसला किया था, जिससे नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता हासिल कर ली थी।

## खरगे ने न्याय यात्रा के लिए की सुरक्षित मार्ग की मांग

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिखकर राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाग लेने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने यात्रा के लिए राज्य में सुरक्षित मार्ग की मांग की है। उन्होंने ममता बनर्जी से इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश जारी करने को कहा है। यह यात्रा बिहार के रास्ते एक बार फिर से कोलकाता में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा, पत्र में कहा कि आप यात्रा को सुचारू रूप से चलाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश जारी करें। खरगे ने उन उदाहरणों का जिक्र किया है, जहां यात्रा पर पश्चिम बंगाल के पड़ोसी राज्यों में कुछ उपद्रवियों ने कथित तौर पर हमला किया है।

केरल: SFI का राज्यपाल खान के खिलाफ फिर विरोध प्रदर्शन

# सड़क पर ही बैठ गए राज्यपाल आरिफ खान, मिलेगी Z+ सुरक्षा

**राज्यपाल की SFI कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग**





एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल में एक बार फिर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के बीच टकराव की स्थिति बनती दिख रही है। राज्यपाल खान को शनिवार को एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाए जाने और राज्यपाल के वहां सड़क पर ही बैठ जाने के बाद केंद्र सरकार द्वारा उन्हें जेड+ सुरक्षा दी गई है। राज्यपाल खान को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम से लगभग 40 किलोमीटर दूर कोल्लम जिले में एसएफआई के सदस्यों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उनके खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

राज्यपाल के कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि सीआरपीएफ का जेड+ सुरक्षा कवर राज्यपाल और केरल राजभवन तक बढ़ाया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार राज्यपाल खान एक कार्यक्रम में भाग लेने कोल्लम जा रहे थे। जैसे ही उनका काफिला कोल्लम के निलामेल पहुंचा, तभी एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। राज्यपाल ने एसएफआई के प्रदर्शनकारियों को देखकर अपने वाहन को रुकने का आदेश दिया। वे अपनी कार से बाहर निकलकर आंदोलनकारी छात्रों की ओर बढ़े। वहां दो घंटे तक गतिरोध बना रहा। इस दौरान वह अधिकारियों की प्रतिक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए सड़क के किनारे बैठे रहे। राज्यपाल खान ने दावा किया कि उन्होंने विरोध प्रदर्शन नहीं किया था, बल्कि वह माकपा से जुड़े एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग के बाद पुलिस द्वारा उन्हें एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराए जाने का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने अंततः गैर-जमानती प्रावधानों के तहत 17 एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर की एक प्रति उनको दी, फिर राज्यपाल वहां से रवाना हो गए।

## आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों को बचाने का आरोप

घटना के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल खान ने मुख्यमंत्री विजयन की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे पुलिस को उन लोगों को बचाने का निर्देश दे रहे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं।

## राज्यपाल व सरकार के बीच काफी समय से कई मुद्दों पर जारी है तनातनी

खान और वामपंथी सरकार के बीच राज्य के विश्वविद्यालयों के कामकाज और विधानसभा द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर राज्यपाल के हस्ताक्षर न करने समेत कई मामलों को लेकर तनातनी की स्थिति है। राज्यपाल ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए गुरुवार को विधानसभा में अपना अभिभाषण केवल अंतिम पैराग्राफ पढ़कर समाप्त कर दिया था और इस तरह उन्होंने सरकार से अपनी नाराजगी का संकेत दिया था। ज्ञात रहे कि राज्यपाल पूर्व में भी कई मौकों पर सरकार को घेर चुके हैं।

जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामला

# राबड़ी देवी, मीसा व हेमा समेत सभी आरोपी कोर्ट में तलब



एजेंसी | नई दिल्ली

जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में लालू परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटियों मीसा भारती, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 9 फरवरी को पेश होने का आदेश दिया है। ईडी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर 4751 पेज की चार्जशीट दाखिल की है।

अदालत ने व्यवसायी अमित कात्याल के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया। कात्याल वर्तमान में मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार हैं। इस मामले में ईडी की ये पहली चार्जशीट है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कुल सात लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, हृदयानंद चौधरी, अमित कात्याल और दो कंपनी एके इन्फोसिस्टम और एबी एक्सपोर्ट शामिल हैं। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि आरोपी अमित कात्याल ने वर्ष 2006-07 में एके इन्फोसिस्टम नामक कंपनी का गठन किया था। कंपनी ने वास्तविक रूप से कोई व्यापार नहीं किया, बल्कि कई भूखंड खरीदे। इनमें से एक भूखंड नौकरी के बदले जमीन घोटाले से हासिल किया गया। इसी कंपनी को 2014 में राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के नाम पर एक लाख रुपए में ट्रांसफर कर दिया गया था। वहीं, एबी एक्सपोर्ट 1996 में एक्सपोर्ट का व्यापार करने के लिए गठित की गई थी।

BPL परिवारों की बेटियों को मिलेगी शादी पर आर्थिक सहायता

# तेलंगाना: जातीय गणना की तैयारी

एजेंसी | नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार पूरे राज्य में जातीय जनगणना की तैयारी कर रही है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने जातीय जनगणना कराने का वादा किया था। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक में अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और आदिवासी कल्याण विभागों से संबंधित मुद्दों पर बैठक कर जातीय जनगणना कराने का निर्देश दिया।

एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों को



जातीय जनगणना का निर्देश देने के अलावा गरीब घरों की बेटियों की शादी पर भी बड़ा फैसला लिया। गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाले परिवार में लड़कियों की शादी के समय सरकार ने एक लाख रुपए वित्तीय मदद के अलावा एक तोला सोना देने का ऐलान किया है। सरकार कल्याणमस्तु योजना चलाएगी। सीएम ने अधिकारियों से संसदीय क्षेत्र में पिछड़े वर्गों से जुड़े छात्रों के लिए कोचिंग सेंटर की स्थापना से जुड़े प्रस्तावों का अध्ययन करने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति), पिछड़ी जाति कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थानों को अलग-अलग रखने के बजाय एक 'एकीकृत शिक्षा केंद्र' स्थापित करने की दिशा में प्रयास तेज करने के निर्देश भी दिए।

भाजपा: लोकसभा चुनाव की तैयारी

# 23 राज्यों के प्रभारी-सह प्रभारी नियुक्त

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुटी भाजपा ने विभिन्न राज्यों के लिए राज्यों में प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तरफ से ये नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने यह जानकारी दी है। सूची में 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारी और सहप्रभारियों के नाम शामिल हैं।



बैजयंत पांडा को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। खास बात है कि सूची में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक ध्यान दिया है। पार्टी ने राज्य में तीन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

## पंजाब में विजय रूपाणी को प्रभार

पंजाब में विजय भाई रूपाणी प्रभारी और नरेंद्र सिंह सह प्रभारी होंगे। तमिलनाडु में अरविंद मेनन प्रभारी और सुधाकर रेड्डी सह प्रभारी नियुक्त किए गए। वहीं ओडिशा में विजयपाल सिंह तोमर को जिम्मा सौंपा गया है। भाजपा ने उत्तराखंड की कमान दुष्यंत कुमार गौतम को दी हैं। केरल के लिए प्रकाश जावड़ेकर को लोकसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## तावड़े को बिहार का प्रभार

बिहार में विनोद तावड़े का प्रभार बरकरार रखा गया है। सांसद दीपक प्रकाश सह प्रभारी होंगे। झारखंड के लिए लक्ष्मीकांत वाजपेयी को जिम्मा सौंपा गया है। इसी तरह से हरियाणा के लिए विप्लव कुमार देव को प्रभारी और सुरेंद्र नागर को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। झारखंड के लिए सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी को प्रभारी बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश में सीटों का बंटवारा

# कांग्रेस 11 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, दोनों पार्टियों में बनी सहमति: अखिलेश

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कांग्रेस की सियासी उम्मीद बढ़ी

एजेंसी | लखनऊ/ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में आम आदमी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर जारी मतभेद के बीच उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों पर समझौता हो गया है। इस प्रकार विपक्षी गठबंधन इंडिया में राज्य में सीटों के बंटवारे का रास्ता साफ हो गया है। सपा और रालोद के बीच पहले ही सीटों के बंटवारे पर सहमति बन चुकी





है। कांग्रेस राज्य में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अखिलेश यादव के फैसले से कांग्रेस पार्टी के अहसमत होने की खबर है। कहा जा रहा है कि यह फैसला अखिलेश यादव का है न कि कांग्रेस का। हालांकि अभी तक कांग्रेस के किसी नेता का इस पर बयान नहीं आया है।

अखिलेश ने शनिवार को कहा, कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी। ज्ञात रहे कि 17 जनवरी को सीटों के बंटवारे पर दिल्ली में गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस और सपा के बीच बैठक हुई थी, लेकिन बैठक में कोई नतीजे नहीं निकल सका था।

बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि सपा के साथ एक और बैठक होनी है। बात नहीं बनी तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खरगे अखिलेश यादव के साथ बात करेंगे।

## एक-एक सीट पर चर्चा

सीटों को लेकर हुई इन बैठकों में कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा और सलमान खुर्शीद मौजूद रहे। वहीं, सपा की ओर से रामगोपाल यादव, जावेद अली खान और उदयवीर सिंह उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, राज्य की हर एक सीट को लेकर चर्चा हुई। जीत की हर संभावना को टटोला गया।

## 25 सीटों की मांग कर रही थी कांग्रेस

कांग्रेस और सपा के बीच दिल्ली में तीन दौर की बैठकें हुई। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस 25 सीटों की मांग कर रही थी।लेकिन अब अखिलेश का दावा है कि 11 सीटों पर बात फाइनल हो गई है। वर्तमान में कांग्रेस के पास राज्य में रायबरेली की ही एकमात्र लोकसभा सीट है।

## सपा ये सीटें दे सकती है सहयोगी पार्टी को

कांग्रेस रायबरेली, अमेठी के अलावा प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर, गाजियाबाद, इलाहाबाद, सहारनपुर, मुरादाबाद की सीटों पर लड़ सकती है। माना जा रहा है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की ज्यादातर सीटें सपा के पास ही रहेंगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में फायदा होने का अनुमान है। 14 फरवरी को राहुल गांधी की यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर रही है। 11 दिनों तक यात्रा वाराणसी, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, अलीगढ़ और आगरा होती हुई राजस्थान में प्रवेश करेगीपूर्वांचल, अवध और पश्चिमी यूपी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए करीब 30-40 लोकसभा सीटों पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

## पिछले तीन चुनावों में विपक्ष का प्रदर्शन

**2009-** कांग्रेस ने 69 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और 21 सीटों पर विजयी रही। सपा ने 75 सीटों पर चुनाव लड़ा और 23 सीटों पर विजयी रही। बसपा ने 69 सीटों पर चुनाव लड़ा और 20 सीटें जीतीं। **2014-** कांग्रेस ने 67 सीटों पर चुनाव लड़ा और मात्र दो सीट जीत पाई। सपा ने 75 सीटों पर चुनाव लड़ा और पांच पर विजयी रही। बसपा ने 80 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी। **2019-** कांग्रेस ने 67 सीटों पर चुनाव लड़ा और सिर्फ रायबरेली जीत पाई। सपा ने 37 सीटों पर चुनाव लड़ा और पांच सीटों पर विजयी रही। बसपा 10 पर विजयी रही।

## जरूरी खबर

### लोस चुनाव: NDA ने केरल में शुरू की पदयात्रा

**तिरुवनंतपुरम (केरल)।** भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने शनिवार को राज्य के उत्तरी जिले कासरगोड में पदयात्रा शुरू की और आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपना अभियान शुरू किया।

पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख के. सुरेंद्रन के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता थलिप्पडुपु मैदान में एकत्र हुए। इसमें गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, राजग के राज्य संयोजक तुषार वेल्लापल्ली और राजग उपाध्यक्ष पीके कृष्ण दास भी शामिल हुए। इस मौके पर सावंत ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केरल में बदलाव होगा और राज्य में कदल खिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

### जरांगे ने अनशन तोड़ा, आरक्षण आंदोलन समाप्त



**मुंबई ।** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन खत्म हो गया है। शिंदे सरकार ने आंदोलनकारियों की सभी मांगें मान ली हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से नवी मुंबई में मुलाकात की। उन्होंने जरांगे को जूस पिलाकर उनका अनशन खत्म करवाया और अध्यादेश की कॉपी सौंपी। आंदोलन खत्म करने के बाद जरांगे ने कहा- हम 4 महीने से मराठा आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे थे। आज उनका सपना साकार हुआ। अब सरकार पर आरक्षण लागू करने की जिम्मेदारी है।

### इसरो: POEM-3 के सभी परीक्षण रहे सफल

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि स्वदेशी प्लेटफॉर्म पोयम-तीन POEM-3 (पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3) अपने पेलोड से जुड़े सभी उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रहा है। इसरो ने कहा कि यह अनोखा और सस्ता अंतरिक्ष प्लेटफॉर्म पीएसएलवी सी-58 रॉकेट के पीएस4 चरण का इस्तेमाल कर विकसित किया गया है। पोयम-तीन की मदद से इसरो ने विभिन्न संस्थानों और उद्योगों के पेलोड सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए हैं। इस तरह पोयम-3 के सभी पेलोड उद्देश्यों को पूरा कर चुका है।

## गणतंत्र दिवस परेड: शौर्य को सलामी और संस्कृति का गान









*नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड पर पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति। परेड के दौरान कर्तव्य पथ के ऊपर से उड़ान भरते वायु सेना के विमान और सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।*

## बिहार में असमंजस और 'खेला होबे' की अटकलें तेज, बैठकों का दौर

# नीतीश कुमार आज दे सकते हैं इस्तीफा, रणनीति पर साधा मौन

### सियासी हालात पर राजद और जदयू दोनों पार्टियों में मंत्रणा और मंथन

एजेंसी | पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार अस्थिर हो गई है। पटना और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बिहार को लेकर सियास पारा चढ़ा हुआ है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ऐसा संभव है कि रविवार सुबह 10 बजे जदयू विधायक दल की बैठक के बाद 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश राजभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं।

नीतीश कुमार ने शनिवार को सीएम आवास में पार्टी की कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में यह तय हुआ कि रविवार को जदयू विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री आवास में होगी। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री की विशेष रूप से संबोधन होगा। संभवतः वह बताएंगे कि महागठबंधन की सरकार में उन्हें किस तरह से काम करने में परेशानी हो रही थी। दूसरी ओर महागठबंधन की मुख्य साझेदार राजद के नेता व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने स्पष्ट शब्दों में कह चुके हैं कि उन्होंने गठबंधन का धर्म निभाया और वह नीतीश कुमार का सम्मान भी करते हैं।

वहीं, लालू यादव ने विधायकों से एकजुट रहने की अपील की है। साथ ही कहा है कि कोई भी विधायक इस्तीफा ना दे। साफ है कि लालू यादव, नीतीश की चाल का इंतजार कर रहे हैं।







### अटकलें और आंकड़ों का खेल

**बिहार में सीटों का गणित**

- 243 सदस्यीय है बिहार विधानसभा
- 160 सीटें हैं सत्तारूढ़ महागठबंधन के पास
- 79 सीटें हैं राजद के पास। सबसे बड़ी पार्टी है
- 45 सदस्य हैं जदयू के
- 19 विधायक हैं कांग्रेस के
- 17 अन्य विधायक हैं साथ

#### राजग की ताकत

भाजपा नीत राजग के पास हैं 82 सीटें। इनमें से भाजपा के पास 78 और जीतन राम मांझी की हम के पास 4 सीटें।

#### नीतीश के यूटर्न पर संभावित खेल

राजग+ जदयू = 82 + 45 = 127

### नीतीश कुमार राजग में आए तो भाजपा के हो सकते हैं दो डिप्टी सीएम

दूसरी ओर यह अटकलें भी जारी हैं कि भाजपा और जदयू के बीच फिर गठजोड़ होता है तो फिर राज्य में दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं। ये दोनों ही डिप्टी सीएम भाजपा से हो सकते हैं। इसके लिए सुशील मोदी और रेणु देवी के नाम चर्चा में हैं। पटना में शनिवार को भाजपा के विधायकों और सांसदों की बैठक हुई थी। सूत्रों के अनुसार बैठक में कोई दो टूक फैसला तो नहीं हुआ लेकिन संकेत हैं कि भाजपा नीतीश कुमार के साथ मिलकर सरकार बनाने के लिए तैयार लेकिन जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश ने न तो इस्तीफा दिया है और न ही किसी ने समर्थन वापस लिया है। भाजपा ने रविवार सुबह 10 बजे एकबार फिर विधायकों और सांसदों की बैठक बुलाई है। उधर, एनडीए के सहयोगी दल एचएएम के भी विधायक दल की बैठक हुई जिसमें यह तय हुआ कि पार्टी पीएम मोदी का समर्थन करेगी।

### राजद: फिलहाल बहुमत के आंकड़े से दूर

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद सरकार बनाने का दावा पेश करती है तो उसे विधानसभा में अपनी ताकत साबित करनी होगी। जदयू के बिना विधानसभा में महागठबंधन के पास 115 विधायक होंगे जो संख्या बहुमत के आंकड़े से 8 कम है। बहुमत का आंकड़ा 122 सीटों का है.

#### राजद के कुछ नेता नई सरकार का दावा पेश करने के पक्ष में, समर्थन मिलने की उम्मीद

सूत्रों के मुताबिक, राजद के कुछ नेता नई सरकार बनाने का दावा पेश करने के पक्ष में हैं और उन्हें उम्मीद है कि 'महागठबंधन' को बहुमत के आंकड़े को हासिल करने के लिए आठ विधायकों का समर्थन जुटाया जा सकता है लेकिन तेजस्वी यादव समेत अन्य इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं क्योंकि 243 सदस्यीय विधानसभा में जेडीयू और भाजपा के बहुमत के आंकड़े से ज्यादा सदस्य होंगे।

### लालू यादव का फैसला पार्टी को होगा स्वीकार्य: मनोज झा

इधर, बैठक के बाद राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक काफी सकारात्मक हुई। अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई। हमारे पूरे विधानमंडल दल के लोग मौजूद थे। बैठक में समकालीन राजनीति में जो चल रह है, हर मुद्दे पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को सभी नेताओं ने हाथ उठाकर समर्थन दिया है और कहा कि उनका फैसला सर्व मान्य होगा।

### कांग्रेस की बैठक आज

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने पूर्णिया में कहा कि शनिवार को विधायक दल की बैठक नहीं बुलाई गई है। शनिवार को न्याय यात्रा को लेकर बैठक थी। विधायक दल की बैठक रविवार को होगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिर है और कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राजनीतिक हालात की संभावनाओं पर अखिलेश सिंह ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

### दोनों पक्षों मे टकराव ऐसे आया सतह पर

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी को सीएम नीतीश कुमार की ओर से खुलकर धन्यवाद किए जाने और इसी दौरान परिवारवाद पर उनकी टिप्पणी से समझा जाता है कि राजद व जदयू के बीच दूरी बढ़ी है।

**MBBS प्रवेश में अनियमितता का मामला**

## SC ने कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई पर लगाई रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट में एमबीबीएस प्रवेश अनियमितता जाति प्रमाणपत्र घोटाले केस में न्यायाधीशों के बीच के विवाद मामले में हस्तक्षेप किया है। शनिवार को छुट्टी वाले दिन सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने विशेष सुनवाई करते हुए इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ और खंडपीठ के समक्ष लंबित सुनवाई पर रोक लगा दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के मूल याचिकाकर्ता, पश्चिम बंगाल सरकार और सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए केस पर सोमवार को फिर सुनवाई का आदेश दिया। ये आदेश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस की पांच सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के बाद दिए।



### सीबीआई को दिया था जांच का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने जिस मामले में स्वत: संज्ञान लिया है उसमें गुरुवार का कलकत्ता हाई कोर्ट के एकल न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय का आदेश है जिसमें उन्होंने एमबीबीएस प्रवेश में अनियमितता और जाति प्रमाणपत्र घोटाले मामले में दो सदस्यीय खंडपीठ के आदेश को अवैध कहते हुए अनदेखी करने की घोषणा की थी और सीबीआइ को मामले की जांच करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं जस्टिस गंगोपाध्याय ने दो सदस्यीय खंडपीठ के एक न्यायाधीश के बारे में कुछ टिप्पणियां भी की थी जिससे कि एक अप्रिय स्थिति बन गई थी।

## मणिपुर में फिर हिंसा, गोलीबारी में एक संदिग्ध उग्रवादी की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में फिर हिंसा की घटनाएं हुई हैं। राज्य के कांकपोकी जिले में शनिवार सुबह संदिग्ध कुकी और मैतेई उग्रवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हुए। घटना के बाद बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे कांगपोककी जिले के सैकुल सब डिवीजन के सामान्य क्षेत्र सतांग गांव में संदिग्ध कुकी और मैतेई उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इस दौरान, एक संदिग्ध उग्रवादी की गोली लगने से मौत हो गई।

**नए मुकाम की ओर रणनीतिक भागीदारी**

# रक्षा उत्पादन का रोडमैप बनाएंगे भारत व फ्रांस

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और फ्रांस के रिश्ते अब नए मुकाम की ओर हैं। दोनों देश अपनी रणनीतिक सोझेदारी को और आगे ले जाने की तैयारी में है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैनुएल मैक्रों की गणतंत्र दिवस पर भारत की यात्रा के दौरान यह तस्वीर उभर कर सामने आई है।

मैक्रों इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रो के बीच इस बात की सहमति बनी है कि दोनों देश मिल कर रक्षा उत्पादन का भावी रोडमैप तैयार करेंगे। जो प्रमुख सैन्य हार्डवेयर एवं प्लेटफॉर्म का सह-विकास व सह-उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा अंतरिक्ष, जमीनी युद्ध, साइबर जगत और कृत्रिम मेधा सहित कई क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देगा। उस बात की जानकारी शुक्रवार को विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने भी दी।



### फाइटर जेट इंजन की मिली टेक्नोलॉजी

एक अहम फैसले के तहत फ्रांसीसी इंजन बनाने वाली कंपनी सफरान ने भारत में फाइटर जेट के इंजन तैयार करने के तहत 100 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने का फैसला किया है। इससे देश में ही फाइटर इंजन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, भारत द्वारा फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैन्य संस्करण और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की प्रस्तावित खरीद पर कोई घोषणा नहीं की गई क्योंकि समझा जाता है कि अरबों डॉलर के सौदों के लिए कीमतों पर अभी वार्ता जारी है। ज्ञात रहे कि टाटा और एयरबस हेलिकॉप्टर के बीच एच125 श्रेणी के हेलिकॉप्टर बनाने का समझौता हुआ है। इसके काफी सारे कल-पुर्जे भारत में बनेंगे। यह फैसला बहुत अहम माना जा राह है। इसके साथ ही रोबोटिक्स, सैन्य वाहन और साइबर डिफेंस दूसरे ऐसे क्षेत्र हैं, जहां सहयोग की काफी संभावनाएं हैं और इन्हें भी रोडमैप में शामिल किया जाएगा।

### सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा

मोदी और मैक्रो की मुलाकात के बारे में क्वात्रा ने कहा कि दोनो देशों के बीच रक्षा सहयोग की कई परियोजनाओं पर बात हो रही है। निजी क्षेत्र की कंपनियां भी एक दूसरे के साथ बात कर रही हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को सहयोग के नए क्षेत्र के तौर पर चिह्नित किया गया है जिसको लेकर दोनो पक्ष काफी उत्साहित हैं। साथ साथ मिल कर सैटेलाइट लांच करने को लेकर पहले से ही बातचीत हो रही है।

## बेटियों ने दिखाया अपना बेहतरीन काम: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कहा कि हमने दुनिया को दिखाया कि भारत की बेटियां कितना बेहतरीन काम कर रही हैं। भारत की बेटियां किस प्रकार हर सेक्टर में नए आयाम गढ़ रही हैं। जिन भी सेक्टर्स में पहले बेटियों के लिए प्रवेश बंद था या सीमित था, हमने वहां से हर बंदिश हटाई है।

पीएम मोदी शनिवार को यहां करियप्पा ग्राउंड में आयोजित एक कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने तीनों सेनाओं के अग्रिम मोर्चों को बेटियों के लिए खोल दिया। आज स्टार्ट-अप हों या स्वयं सहायता समूह, हर क्षेत्र में बेटियां में अपनी छाप छोड़ रही हैं। ज्ञात रहे कि ये एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर में भाग ले रही थीं। एनसीसी पीएम रैली के साथ शिविर का समापन हो गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे थे।प्रधानमंत्री ने वार्षिक एनसीसी पीएम रैली में सलामी भी दी। पीएम मोदी ने कहा कि एनसीसी की ये रैली वन वर्ल्ड, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को निरंतर मजबूत कर रही है। 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया था, आज यहां 24 मित्र देशों के कैडेट्स मौजूद हैं।

## कला महोत्सव: फैशन शो में वेस्टर्न ड्रेस के साथ दिखा फ्यूजन कलेक्शन

# पिछवाई शैली में 'आजादी के रंग' कंटेम्परारी पेंटिंग में श्रीनाथ दर्शन



**बेधड़क | जयपुर**

युवाओं ने कला मंच पर फैशन के रंग बिखेरते हुए क्रिएटिविटी दर्शाई। वेस्टर्न ड्रेस के साथ फ्यूजन कलेक्शन में उन्होंने रंगों को खास महत्व देते हुए प्रकृति से जुड़ने का मैसेज भी दिया। फ्लॉवर प्रिंट का उन्होंने बखूबी उपयोग किया और रैंप पर भी कॉन्फिडेंस के साथ कैटवॉक की। ये खूसबसूरत और आत्मविश्वास से भरा नजारा था जवाहर कला केंद्र में जयपुर कला महोत्सव में हुए फैशन शो का। इससे पहले दिल्ली की कलाकार विभा सिंह की पिछवाई शैली में कंटेम्पररी पेंटिंग लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। वहीं, महोत्सव में दिन में नेल आर्ट, चाइल्ड आर्ट, लैंड स्केप और कैरिकैचर जैसे कॉम्पीटिशन में रचनात्मकता देखने को मिली।



### पावर ऑफ वुमन का शो

महिला शक्ति को समर्पित फैशन शो में रंग जमा। कला के ये आयोजन आरयू के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट और प्रतिभा एजुकेशनल डवलपमेंट रिसर्च सोसायटी की ओर से बिखरे। संयोजक सुमित सेन और बीके चांदना ने बताया कि आजादी के रंग नामक फैशन शो में ऐतिहासिक संदर्भ में महिलाओं ने शक्ति और अधिकार को व्यक्त करने के लिए पोशाक का बहुत सोच-समझकर उपयोग किया। शो में रिया पंवार, गुर्निश कौर, हर्षिता सैनी, नरेश चौधरी, इशिका सैनी, हर्षिता कुमावत, संस्कृति, आकांक्षा चौधरी ने प्रदर्शन किया।

### समकालीन शैली में कैनवास पर उतारा

दिल्ली से आई वरिष्ठ कलाकार विभा सिंह ने पिछवाई शैली से प्रेरित होकर कंटेम्पररी पेंटिंग की सीरिज प्रदर्शित की। पारम्परिक पिछवाई पेंटिंग में एक साथ कई कहानियां होती हैं, लेकिन सिंह ने इसमें एक–एक कहानी को लेकर समकालीन शैली में कैनवास पर उतारा। कलाकार ने बताया कि एक बार नाथद्वारा जाने का मौका मिला था। वहीं, पिछवाई को देख प्रेरणा मिली। सीरिज में श्रीनाथजी, कामधेनु और कल्पवृक्ष के साथ कई अन्य पेंटिंग खास हैं।




### कोलकाता से आई बिग साइज आर्ट

कोलकाता से आई आर्टिस्ट देबजानी दक्षित दास गुप्ता का कलेक्शन खास है। वे बड़े साइज की पेंटिंग्स से आकर्षित कर रही हैं। एब्स्ट्रेक्ट आर्ट में कलाकार ने मां दुर्गा द्वारा बुरी शक्तियों के संहार को कैनवास पर उतारा है। प्रकृति के रंग और नारी शक्ति विषय कलाकार ने लिए हैं।



## महेश दत्त गुरुजी करेंगे राम स्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** पंडित महेश दत्त शर्मा (गुरुजी) श्रीराम स्तुति करेंगे तो सम्मान देकर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। मौका होगा साहित्य सरोवर संस्था के वार्षिकोत्सव-2024 का। रविवार दोपहर 2 बजे से मुरलीपुरा स्थित होटल जयपुर इन में होने वाले कार्यक्रम में नरेंद्र शर्मा कुसुम चीफ गेस्ट होंगे तो महंत हरिशंकरदास और महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी महाराज शामिल होंगे। कार्यक्रम में डॉ. विश्वावसु गौड़, डॉ. मनीषा शर्मा, पं. आलोक शर्मा, डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा, इंदु शर्मा, विधानिधि त्रिवेदी और गणपत लाल वर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

### डॉ. वीना आचार्य का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** नॉर्थ इंडिया गाइनेकोलॉजिस्ट संगठन के कार्यक्रम में जयपुर की महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीना आचार्य को 26 जनवरी को प्लेटिनम ऑरेशन से सम्मानित किया गया। आचार्य लंबे समय से एचपीवी वैक्सीन की जागृति के लिए विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करती हैं।

### दौड़ से हेल्दी लाइफ का मैसेज




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स को गणतंत्र दिवस पर हेल्दी रहने का मैसेज अनूठे तरीके से दिया गया। इसके लिए देश भक्ति के साथ स्वयं को भी स्वस्थ बनाए रखने के लिए तिरंगा लेकर कई किलोमीटर की दौड़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने लगा दी। तिरंगे के साथ हवामहल रन शुरू कर उन्होंने पूरे रास्ते लोगों को अवेयर किया और देश भक्ति का जज्बा भी जगाया।

## City इवेंट्स

### प्रदूषण घटाने के लिए करेंगे प्रार्थना



**बेधड़क. जयपुर।** जनता, सरकार, वैज्ञानिक और भगवान से अस्थमा के हजारों मरीज स्वच्छ हवा का अधिकार मांगेंगे। अनोखी पहल रविवार को बिरला सभागार में 'आई लव क्लीन एयर' में होगी। वरिष्ठ श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. शीतू सिंह और डॉ. निष्ठा सिंह ने ये पहल की है। डॉ. सिंह ने बताया कि वायु प्रदूषण अस्थमा होने के मुख्य कारणों में से एक है। भारतीय राज्यों में राजस्थान अस्थमा से होने वाली सबसे अधिक मौतों की सूची में शीर्ष पर है। गंभीरता को देखते हुए हम अस्थमा के मरीजों के साथ अभियान को शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसमें स्वस्थ हवा जो हमारा अधिकार है उसकी मांग करेंगे। डब्ल्यूएचओ ने सहनीय वायु प्रदूषण की अधिकतम सीमा 10 यूजी तय की है, लेकिन भारत में यह 90 यूजी है। ऐसे में अस्थमा का दंश बचपन से ही लग जाता है।

### फिल्मी रंग में रंगी गुलाबी नगरी

**बेधड़क, जयपुर।** रिफ फिल्म क्लब की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के दसवें संस्करण का आगाज क्लासिक ऐरा ऑफ द सिनेमा से हुई। जेम सिनेमा में 90 के दशक की तरह फिल्मी पर्दा उठा। रिफ फाउंडर सोमेंद्र हर्ष के साथ मैरिएन बोर्गो (फ्रांसीसी अभिनेत्री, सलाहकार जूरी रिफ 2024), जेम्स हिगिन्सन (अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माता, जर्मनी), पैट्रिक जॉर्ज (फिल्म मेकर, फ्रांस, लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डी रिफ 2024) और ऑस्ट्रेलियन अभिनेता चार्ल्स थोमस (बिहारी बाबू नाम से फेमस) मंच पर मौजूद रहे।

### नृत्य नाटिका में भावुक हुए दर्शक



बेधड़क, जयपुर। साध्वी ऋतांभरा शनिवार को जयपुर स्थित महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम में रूबरू हुईं। इस मौके पर राम जन्मभूमि आंदोलन पर संगीतमय नृत्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें साध्वी ऋतंभरा के बाल्यकाल से लेकर संन्यास और राम मंदिर आंदोलन में उन्होंने क्रांतिकारी भूमिका निभाने का मंचन किया गया। नाटिका में वृंदावन के समविद गुरुकुल सैनिक गर्ल्स स्कूल की 400 से अधिक युवाओं ने मंचन किया। इस मौके पर लोग भावुक नजर आए।

## बिड़ला मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन

# कलाकारों ने कूंची से कैनवास पर उकेरे 'जनमानस के राम'



**बेधड़क | जयपुर**

देश भर के आर्टिस्ट्स ने जब जयपुर में कूंची से कैनवास पर स्केच खींचना शुरू किए तो भगवान राम के विभिन्न रूप प्रकट हुए। कलाकारों ने कैनवास पर वाइब्रेंट रंगों के साथ प्रभु राम के प्रति अपने भावों को भी उकेरा।

यज्ञ फाउंडेशन, आर्ट फिएस्टा और मैत्रेय संस्थान की ओर से 3 दिवसीय कार्यक्रम 'जनमानस के राम' में राम के कई रूप उजागर हुए। संरक्षक गोविंद पारीक व आचार्या हिमानी शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, डीजी लॉ एंड ऑर्डर राजीव शर्मा, आईजी गौरव श्रीवास्तव, संघ प्रचारक मूलचंद, सुरेश मिश्रा और डॉ. सुनील ढंड रहे। आर्ट फिएस्टा के रमाकांत खंडेलवाल, कार्यक्रम संयोजक गौरव गुर्जर और राजेश सैनी ने बताया कि लॉर्ड राम के स्वरूप को आर्टिस्ट्स ने बिड़ला मंदिर में रहकर बनाया। पेंटिंग्स को जवाहर कला केंद्र में रविवार को प्रदर्शित किया जाएगा। इस मौके पर मनोज दास, सन्त कुमार, शशिकांत झा, दीपेन जोशी, महेश राज, सुनील कुमार जांगिड़, विजय वर्मा, विवेक प्रकाश उतरेजा, दीपाली शर्मा, शानू गुप्ता, खुश नारायण, अमित कुमार, छवि शर्मा, पवन टांक, रेखा अग्रवाल, संदीप रावल, रमाकांत खंडेलवाल, वीरेन बन्नू, श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. संजीव नामा, कलावत के एल, सन्तोष साहनी, रजनी किरण झा, दुर्गेश अटल और सुधा घेवरिया ने लाइव पेंटिंग बनाई।

## इंदु वर्मा कला प्रेमियों से हुईं रू-ब-रू

# पेंटिंग्स में कनाडा का प्राकृतिक सौंन्दर्य दिखा, मैसेज भी दिया





**बेधड़क | जयपुर**

कनाडा में 55 साल से रह रहीं जयपुर की इंदू वर्मा भले ही वहां की हो गई हों, लेकिन उनके दिल में गुलाबी नगर और यहां रहने वाले लोगों के प्रति प्रेम खास है। उम्र के 75 बसंत देख चुकीं इंदु कला प्रेमियों से रूबरू हुईं और कलानेरी में 13 पेंटिंग्स के साथ कई मैसेज दिए।

उद्घाटन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति फाउंडर पद्मभूषण डीआर मेहता, अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, राजस्थान मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी तथा आर्ट गैलरी की निदेशक सौम्या विजय शर्मा ने किया। पेंटिंग्स में कनाडा की खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यावली देखने मिली। इस दृश्यावली में कनाडा के प्राचीन कैटटेल्स के पौधे, वहां की मार्श ग्रास, बर्च ट्रीज, ब्लू हेरोन्स के पौधों के अलावा सैंड पाइपर्स का सौन्दर्य है। गौरतलब है कि सैंड पाइपर एक खूबसूरत पक्षी है, जिसे भारतीय भाषा में टिटहरी कहा जाता है। कलाकार ने इस पक्षी को एकल रूप में और आसमान में अपने समूह के साथ परवाज भरते हुए चित्रित किया है। कलाकार की जिजिविषा अनूठी है। 60 साल की उम्र तक कनाडा में शिक्षिका के रूप में काम करने के बाद कलात्मक अभिव्यक्ति ने अंगड़ाई ली और 63 की उम्र में विजुअल आर्ट में डिग्री करने की ठानी। 67 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद सिरेमिक आर्ट में काम करना शुरू किया और इस माध्यम से 52 मुखौटे और पेंटिंग्स बना डालीं।

## संगीत-नृत्य प्रतियोगिता | सुगम, शास्त्रीय और लोक गायन में देश भर के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# गुलाबी फिजा में 200 प्रतिभाओं ने बिखेरे सुरों के रंग

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी की फिजा में सुगम, शास्त्रीय और लोक गायन की बानगी पेश हुई तो कला प्रेमियों ने कलाकारों का इस्तकबाल अपने-अपने अंदाज में किया। हर कोई प्रस्तुति में खोया सा नजर आया। ये अनूठा नजारा था दर्शक संस्था की 5 दिवसीय 34वीं अखिल भारतीय महेन्द्र भट्ट स्मृति संगीत व नृत्य प्रतियोगिता की शुरूआत का। वहां, पहले दिन सुगम गायन, शास्त्रीय गायन और लोक गायन की प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगियों ने देश भक्ति गीत भी सुनाए।




### सुरों के जरिए सुबह से हुई रात

प्रतियोगिता संयोजक प्रोमिला राजीव भट्ट ने बताया कि पहले दिन जयपुर सहित प्रदेश के कई शहरों से 200 से भी अधिक कलाकारों ने प्रस्तुति के लिए पंजीकरण कराया था। इस वजह से सुबह 11 बजे शुरू हुई प्रतियोगिता का सिलसिला रात पौने बारह बजे जाकर थमा। इससे पूर्व दर्शक संस्था के मानद चेयरमैन ध्रुव कार्की, संस्था की फाउंडर मधु भट्ट, संस्था सचिव लोकेश अग्रवाल, संस्था निदेशक राजीव भट्ट और राशि सिंह कार्की रूबरू हुए। दूसरे दिन शास्त्रीय वादन और सुगम गायन के तहत सीनियर और जूनियर कैटेगिरी की प्रतियोगिताएं हुईं। रविवार को उप-शास्त्रीय नृत्य, लोक और बॉलीवुड नृत्य की प्रतियोगिताएं होंगी।

### इन पुरस्कारों से नवाजे जाएंगे हुनरबाज

विभिन्न श्रेणियों में हर वर्ग के विजेताओं और निर्णायकों द्वारा चुनी गई प्रतिभाओं की सम्मिलित प्रतियोगिता भी खास होगी। इसमें विजेता रहने वालों को सुर नूर गायन, सुर नूर वादन, सुर नूपुर नृत्य सहित कई अवार्डो से नवाजा जाएगा। इसके अलावा हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व विशेष प्रोत्साहन अवॉर्ड दिए जाएंगे। सिरमौर रहे एक प्रतियोगी को नील बहादुर सिंह कार्की की स्मृति में 25 हजार रुपए तथा विभिन्न विधाओं में से चयनित तीन प्रतियोगियों को तीन-तीन हजार के नकद पुरस्कार उनके पुत्र व कॉलेज के मानद चेयरमैन ध्रुव कार्की प्रदान करेंगे।





ब्रिटेन में हर भारतीय ने तिरंगे को किया सलाम

# लंदन में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी की मौजूदगी रही आकर्षण का केंद्र

**बेधड़क ब्यूरो** | लंदन

इंग्लैंड में उस वक्त हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया, जब भारतीय उच्चायोग में गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा फहराने के साथ ही राष्ट्रगान गाया गया। झंडारोहण भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराई स्वामी ने किया। इसके साथ ही हाईकमिश्नरेट 'भारत माता की जय' के नारे से गूंज उठा। इस अवसर पर भारतीय फिल्मों के अभिनेता बोमन ईरानी भी मौजूद थे। उन्होंने इस गौरवशाली दिन पर सभी प्रवासी भारतीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भारतीय शामिल हुए।



### भारत की संस्कृति हुई साकार

इस अवसर पर ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय परिवारों और उच्चायोग की तरफ से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों के रहने वाले कलाकारों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे भारत की कई संस्कृतियों को मंच पर साकार कर भारत की अनेकता में एकता का उम्दा प्रदर्शन किया।

इजराइल ने खान यूनिस में तेज किए हमले

# इजराइली सेना का दावा... 24 घंटे में 11 आतंकियों को मारा

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल-हमास युद्ध को तीन महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन इजराइली सेना लगातार हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को कहा कि इजराइल के विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा के खान यूनिस में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इजराइली सेना के एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने उन आतंकवादियों को निशाना बनाया है, जिन्होंने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।



### मारे गए 26 हजार से अधिक लोग

7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 लोगों को हमास ने बंधक बना लिया था। इसके बाद इजराइल ने हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। इजराइली सेना ने गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। गाजा में मरने वालों की संख्या शुक्रवार तक 26,000 से अधिक हो गई है और 64,400 से अधिक घायल हुए हैं।

पाकिस्तान: महिला द्वारा चुनाव प्रचार इस्लाम के खिलाफ...

# 30 मौलवियों का फतवा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कोहिस्तान में मौलवियों के एक समूह ने महिला चुनाव उम्मीदवारों के प्रचार के खिलाफ फतवा जारी किया है। इस फतवे में कहा गया है कि चुनाव में खड़ी महिला उम्मीदवारों का घर-घर जाकर अपने लिए वोट मांगना गैर इस्लामी है। ऐसे में महिला उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार नहीं करना चाहिए। फतवा जारी करने वाले मौलवियों में ज्यादातर जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम- फजल के सदस्य हैं। ऊपरी कोहिस्तान जिले के कंडिया इलाके में मौलवियों की एक बैठक के बाद मदरसा प्रमुख मुफ्ती गुल शहजादा ने घोषणा की, 'वोट मांगने के लिए घर-घर जाने की महिलाओं की हरकत शरिया के खिलाफ है।' उन्होंने कहा कि महिलाओं के चुनाव अभियान के खिलाफ फतवा 30 अधिकृत धार्मिक विद्वानों द्वारा जारी किया गया था। इस बैठक में शामिल सभी मौलवियों ने इसका समर्थन किया है, जिसमें कोहिस्तान क्षेत्र के लगभग 400 मौलवी भी शामिल थे। कोहिस्तान में पहली बार तीन महिलाएं चुनावी मैदान में उतरी हैं। मौलवियों ने जोर देकर कहा है कि इस फतवे की अवहेलना करना पाप होगा।



### मौलाना डीजल की पार्टी ने क्या कहा:

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के मौलाना अताउर रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी ने 8 फरवरी के आम चुनावों के लिए पीएमएलएन के साथ चुनावी गठबंधन या सीटों को लेकर समझौता नहीं किया है। पीएमएल-एन नेता गलत प्रचार कर रहे हैं कि हम मानसेहरा के एनए-15 निर्वाचन क्षेत्र में अपने सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ के पक्ष में अपना चुनाव उम्मीदवार वापस ले लेंगे।

### महिला उम्मीदवारों ने साधी चुप्पी

8 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने तहमीना फहीम को पीके-31 कोहिस्तान-आई सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, मोमिना बासित पीके-33 कोलाई-पलास सीट और स्वतंत्र उम्मीदवार सन्नया सबील पीके-33 कोलाई-पलास से चुनाव लड़ रही हैं। मौलवी गुल शहजादा ने कहा कि शरिया जातीय आधार पर वोट देने की अनुमति नहीं देता है, इसलिए निवासियों को ऐसा नहीं करना चाहिए। संपर्क करने पर महिला दावेदार तहमीना फहीम ने कहा कि वह अपनी पार्टी के नेतृत्व से परामर्श करने के बाद इस फैसले पर प्रतिक्रिया देंगी।

वेटिकन से पोप फ्रांसिस का चौंकाने वाला संदेश

# 'ईश्वर की देन है शराब... देती है मजा'

**एजेंसी** | वेटिकन

ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने कहा है कि शराब भगवान की देन है और यह आनंद का असली स्रोत है। पोप फ्रांसिस ने यह बयान वेटिकन सिटी में दिया है, जो ईसाइयों की धर्मनगरी है। उन्होंने इसके पहले भी शराब के समर्थन में कई बयान दिए हैं। पोप फ्रांसिस ने यह बयान एक समारोह में दिया, जिसमें इटली से आए हुए तमाम शराब निर्माता शामिल थे। यह समारोह इतालवी शहर वेरोना के बिशप डोमेनिको पोम्पिली द्वारा आयोजित किया गया था। यह समारोह हर साल अप्रैल माह में होने वाली वाइन प्रतियोगिता के पहले आयोजित किया जाता है। पोप फ्रांसिस ने इस सभा में कहा, "यह ऐसा लगेगा जैसे पोप नशे में बोल रहे हैं। शराब, जमीन, कृषि का कौशल और व्यापारिक कौशल भगवान के उपहार हैं। सृष्टि निर्माता ने इन्हें हमें इसलिए दिए हैं, क्योंकि हम संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ इन्हें अपने आनंद का असली स्रोत बनाते हैं।" पोप फ्रांसिस ने शराब बनाने वालों से कहा कि वह इससे सम्बंधित नैतिक जिम्मेदारियों का वहन करें और साथ ही पीने की सही आदतों को बढ़ावा दें।



# पाक के बाद अब तुर्किये को F-16 देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका अब तुर्किये को एफ-16 फाइटर जेट देगा। दरअसल, तुर्किये ने स्वीडन को नाटो में शामिल करने पर सहमति जताई है। इसके बाद अमेरिकी सरकार ने यह फैसला किया है। पिछले साल अमेरिका ने इसके रखरखाव के लिए पाक को पैकेज भी दिया था। इसे लेकर भारत ने सवाल उठाए थे। अमेरिकी सरकार तुर्किये को 40 नए एफ-16 लड़ाकू विमानों देगी। यह डील 1.91 लाख करोड़ रुपए में हुई है।

इजराइल-गाजा मामले में आईसीजे का आया फैसला

# नेतन्याहू ने बताया अपमानजनक

**एजेंसी** | तेल अवीव

अंतरराष्ट्रीय अदालत के फैसले के बाद इजराइल ने अदालत की आलोचना की। इजराइल ने फैसले को अपमानजनक बताया है और कसम खाई है कि देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक है, वह किया जाएगा। बता दें, दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में इजराइल के हमलों को नरसंहार बताते हुए अदालत का रुख किया था। अफ्रीका ने अदालत से अनुरोध किया था कि जल्द से जल्द गाजा में जारी इजराइली हमलों पर रोक लगाई जाए। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इजराइल फिलीस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत और अपमानजनक है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो शुक्रवार को हेग स्थित आईसीजे ने कहा कि फिलीस्तीनी इलाके में हो रही मौत और नुकसान को कम करने के लिए इजराइल को हरसंभव प्रयास करने चाहिए। याचिका में दक्षिण अफ्रीका ने कहा था कि 1948 में नरसंहार पर अंकुश के लिए संयुक्त राष्ट्र में समझौते को स्वीकृति दी गई थी। इजराइल ने इसका उल्लंघन किया है।




नासा ने खोज लिया जापान का 'चंद्रयान'

# मुंह के बल गिरा था चांद की सतह पर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

नासा के एक अंतरिक्ष यान ने जापानी स्पेस एजेंसी (जाक्सा) के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (स्लिम) को देखा है। पिछले सप्ताह यह चंद्रमा पर उतरा, लेकिन इसकी लैंडिंग पूरी तरह सफल नहीं हो सकी। स्लिम के छोटे रोवर्स लेव-2 में से एक की ओर से पहले ही लैंडर की अधिक करीब से तस्वीर ली गई थी। इसमें दिख रहा था कि लैंडर उल्टा उतरा है।

अब नासा की सैटेलाइट तस्वीर से पता चला है कि उतरते समय इंजन का एक नोजल गिर गया था। चंद्रमा पर स्लिम ने 20 जनवरी को पर लैंडिंग की थी, लेकिन यह उल्टे। नतीजतन इसका सोलर सेल सूर्य की दिशा में नहीं रहा। इस कारण यह बिजली बनाने में नाकाम रहा।



### एक नोजल गिर गया

जानकारी के मुताबिक इंजन ने न सिर्फ काम करना बंद किया, बल्कि नोजल भी गिर गया। लेव-2 की ओर से खींची गई तस्वीरों में इंजन का एक नोजल ऊपर की ओर दिख रहा है। गिरते हुए नोजल को स्लिम के नेविगेशन कैमरे ने देखा था। इसके बावजूद भी लैंडर 100 मीटर के एरिया में सफल लैंडिंग में कामयाब रहा। इस बीच नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने स्लिम को चांद की सतह पर देखा है।

### खिलौना बनाने वाली कंपनी ने बनाया रोवर

चांद पर पहुंचाया जापान का लेव-2 अब तक का सबसे अनोखा रोवर है। यह गेंद की तरह है, जो जमीन पर गिरते ही खुल जाता है। खिलौना कंपनी टकारा टोमी की ओर से इसे बनाया है। इसने जापान के लैंडर की फोटो जारी की है। इसमें स्लिम को चंद्रमा की सतह में दबी हुई नाक के साथ देखा जा सकता है। जाक्सा के इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एंड एस्ट्रोनॉटिकल साइंस ने 25 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि स्लिम के दो इंजनों में से एक 50 मीटर की ऊंचाई पर फेल हो गया।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl